



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 99 | कोरबा, गुरुवार , दिनांक 09 जनवरी 2025 डाक 10 जनवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा


**विविधा**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बालोद जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और भूमिपूजन किया....




**देश-विदेश**

तिरुपति मंदिर में भगदड़, छह की मौत और 40 घायल, पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने जताया दुख



**फीचर**

सुबह खाली पेट भूलकर भी न खाएं ये 5 चीजें न्यूट्रिशनिस्ट ने कहा नहीं तो पूरे दिन रहेंगे परेशान



# भविष्य युद्ध में नहीं, बुद्ध में है, 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में पीएम मोदी ने दिया मंत्र

**भुवनेश्वर, 09 जनवरी [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। यहां पीएम मोदी ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा पीएम मोदी ने कहा कि यह जीवंत त्योहारों का समय है। कुछ ही दिनों में प्रयागराज में महाकुंभ शुरू हो रहा है। मकर संक्रांति, बिहू, पोंगल, लोहड़ी जैसे त्योहार आने वाले हैं। हर जगह आनंदमय वातावरण है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज आप ओडिशा की जिस महान धरती पर जुटे हैं वो भी भारत की समृद्ध विरासत का प्रतिबिंब है। ओडिशा में कदम कदम पर हमारी विरासत के दर्शन होते हैं। सैकड़ों वर्ष पहले भी ओडिशा से हमारी व्यापारी कारोबारी लंबा सफर करके बाली, सुमात्रा, जावा जैसे स्थानों तक जाते थे...ओडिशा में आज भी बाली यात्रा का आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में जब तलवार के जोर पर साम्राज्य बढ़ाने का दौर था, तब हमारे सम्राट अशोक ने यहां शांति का रास्ता चुना था।

हमारी इस विरासत का ये वही बल है जिसकी प्रेरणा से आज भारत दुनिया को कह पाता है कि भविष्य युद्ध में नहीं है, बुद्ध में है। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने हमेशा भारतीय डायस्पोरा को भारत का राष्ट्रदूत माना है। मुझे बहुत खुशी होती है, जब पूरी दुनिया में आप सभी साथियों से मिलता हूं, आपसे बातचीत करता हूं। जो प्यार मुझे मिलता है, वो भूल नहीं सकता हूं। आपका प्यार, आपका आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ रहता है। हम सिर्फ लोकतंत्र की जननी नहीं हैं, बल्कि लोकतंत्र हमारे जीवन का हिस्सा है। हमें विविधता सिखानी नहीं, हमारा जीवन ही विविधता प्रदान करता है। भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां के समाज के साथ जुड़ जाते हैं। भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां के नियम और परंपरा का सम्मान करते हैं। हम पूरी ईमानदारी से उस देश की, उस समाज की सेवा करते हैं। इस सबके साथ ही हमारे दिल में भारत भी धड़कता रहता है।उन्होंने कहा कि भारत की सफलता आज दुनिया देख रही है। आज जब भारत का चंद्रयान शिव शक्ति प्वाइंट पर पहुंचता है, तो हम सब को गर्व होता है। आज जब दुनिया, डिजिटल इंडिया की ताकत देखकर हैरान होती है, तो हम सब को गर्व होता है। आज भारत का हर सेक्टर आसमान की ऊंचाई छूने को आगे बढ़ रहा है।

भारत की बात को आज दुनिया ध्यान से सुनती है। आज का भारत, अपना पॉइंट तो मजबूती से कायम है, ग्लोबल साउथ की आवाज को भी पूरी ताकत से उठाता है। प्रधानमंत्री ने प्रवासी भारतीयों के लिए विशेष पर्यटक ट्रेन प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से ट्रेन ने सफर शुरू किया। यह ट्रेन प्रवासी भारतीयों को तीन सप्ताह तक देशभर के कई पर्यटक और धार्मिक स्थलों की यात्रा कराएगी। इससे पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि हर 2 साल में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन के माध्यम से विदेशों में रहने वाले भारतीय अपने देश में हो रही प्रगति और विकास को देख पाते हैं, अनुभव कर पाते हैं। आप सभी न केवल अपने जीवन की उपलब्धियों पर गर्व कर करते हैं, बल्कि विदेशों में हमारे लिए बढ़ते सम्मान का भी अनुभव करते हैं। वैश्विक युग में प्रवासी समुदाय का महत्व प्रत्येक वर्ष के साथ बढ़ता गया है।

# भोपाल में जहां बंद हैं 69 आतंकी, वहां मिला ड्रोन

## सेंट्रल जेल में चूक से मचा हड़कंप



**भोपाल।** भोपाल की सेंट्रल में सुरक्षा को लेकर भारी लापरवाही सामने आई है। 26 जनवरी से पहले जेल के अंदर एक ड्रोन कैमरा मिला है। यह कैमरा हाई सिक्योरिटी बैरक से करीब दो सौ मीटर दूर उस स्थान पर मिला, जहां पर नई बैरिक बनाई जा रही है। ड्रोन कैमरा मिलने के बाद जेल विभाग और भोपाल पुलिस हाई अलर्ट पर आ गई है। सेंट्रल जेल में बुधवार की दोपहर को एक ड्रोन मिला है। ड्रोन नवीन ब खंड में स्थित निर्माणाधीन हिस्से में स्थित हनुमान मंदिर के पीछे मिला है। जेल में गश्त कर रहे प्रहरी ने उसे देखा और वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। जेल अधीक्षक राकेश भांगरे ने बताया कि दोपहर को सवा चार बजे बजे प्रहरी सोनवार चौरसिया गश्त कर रहा था। तभी उसे नवीन ब खंड के निर्माणाधीन हिस्से में बने हनुमान मंदिर की प्रतिमा के पीछे की तरफ एक ड्रोन दिखा। उसने ड्रोन की सूचना दी। जिसकी तकनीकी स्टाफ से जांच कराई गई। फिलहाल ड्रोन में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। जेल अधीक्षक राकेश कुमार भांगरे ने बताया कि जेल में ब-खंड के पास एक दो मंजिला बिल्डिंग बन रही है। यहां स्थित हनुमान मंदिर के पीछे बुधवार दोपहर बाद साढ़े तीन बजे एक ड्रोन गिरा पाया गया। इस पर सबसे पहले नजर वहां ड्यूटी कर रहे जेल प्रहरी सोनेवाल चौरसिया की पड़ी थी। उसे कब्जे में लेकर चेक किया गया, तो उसमें लगी बैटरी चार्ज पाई गई। काले रंग के इस ड्रोन में कैमरे भी लगे हैं। इसके साथ ही चालू होने पर इसमें रंग-बिरंगी लाइट भी जलती हैं। जांच के दौरान ड्रोन में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। हालांकि प्रारंभिक जांच में चीन निर्मित यह ड्रोन खिलौना प्रतीत हो रहा है, लेकिन अति सुरक्षा वाले क्षेत्र में इसके पहुंचने को काफी गंभीरता से लिया है। घटना के बारे में डीजीपी, डीजी जेल, अन्य आला अधिकारियों को बता दिया गया है। खुफिया एजेंसियां ने भी इसकी जांच शुरू कर दी है। भोपाल सेंट्रल जेल के उच्च सुरक्षा वाले सेल में सिमी के 23 आतंकी हैं। उनके साथ पापुलर फ्रंट आफ इंडिया के 21, हिज्ब उत तहरीर के 17, आईएसआईएस के चार और जमात उल मुजाहिदीन बांग्लादेश के चार आतंकी बंद हैं।

# हॉस्टल में आग लगने से हुआ बड़ा खुलासा.. छात्र के कमरे में 12 लाख के जले हुए नोट



**बिहार।** पटना के पीएमसीएच के चाणक्य हॉस्टल में एक छात्र के कमरे में देर रात आग लग गई। अब इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। हॉस्टल के दूसरे तल्ले पर स्थित मेडिकल छात्र अजय सिंह के कमरे में आग लग गई। जिस कमरे में आग लगी, वहां से 10 से 12 लाख रुपये के जले हुए नोट मिले हैं। साथ ही नीट यूजी परीक्षा के कई जले हुए एडमिट कार्ड भी बरामद किए गए हैं। एमबीबीएस परीक्षा की फर्जी ओएमआर शीट भी मिली है। नीट यूजी में स्कॉलर बैठाने का मामला सामने आया है। मेडिकल छात्र अजय समस्तीपुर का रहने वाला है। वह पीजी पास कर चुका है। उसने यहां हॉस्टल में दो-तीन कमरों पर कब्जा कर रखा है। हॉस्टल वार्डन डॉ. बीरेंद्र ने बताया कि अजय के कमरे में नोटों के साथ कई एडमिट कार्ड और ओएमआर शीट जलने की जानकारी मिली है। इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है।

# बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर्स ने कस्टमर्स के अकाउंट के पासवर्ड रीसेट कर करोड़ों रुपये निकाले

**इंदौर, 09 जनवरी [एजेंसी]।**



आईसीआईसीआई बैंक में हुई लाखों रुपयों की धोखाधड़ी में चौंकाने वाला राजफाश हुआ है। विजयनगर पुलिस ने तीन रिलेशनशिप मैनेजर सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। मैनेजर ही ग्राहकों के करंट खातों के पासवर्ड रीसेट कर रुपये निकाल लेते थे।पुलिस का दावा है कि आरोपित पंजाब, गुजरात, तेलंगाना और मप्र के बड़े कारोबारियों के खातों से करोड़ों रुपये निकाल चुके हैं। महंगे मोबाइल, स्मार्टवाच, बाइक, गेम प्ले स्टेशन सहित 20 लाख रुपये का सामान बरामद हुआ है। डीसीपी (जोन-2) अभिनय विश्वकर्मा के मुताबिक स्कीम-54 स्थित शाखा के क्लस्टर मैनेजर जयदीप पाटीदार द्वारा 10 दिसंबर को धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि साइबर अपराधियों द्वारा बैंक के सिस्टम में सेंध लगाकर कार्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग ग्राहक मैसर्स आरके बुधराजा, कन्हैयालाल इंटरप्राइजेस सहित अन्य खातों से लाखों रुपये निकाल लिए है। पुलिस ने मोबाइल, सिमकार्ड की जांच कर मंगलवार देर रात बैंक के कमल कुमावत और उसके जीजा स्टेनली जैकब सहित अभिषेक मालवीय, लवदीप उर्फ लक्कीसिंह, कृष्णा ठाकुर और अरुनु को पकड़ लिया। आरोपित कमल और अभिषेक स्कीम-54 और स्टेनली मनासा स्थित शाखा में रिलेशनशिप मैनेजर हैं।

मास्टर माइंड कमल ही ग्राहकों के खातों के पासवर्ड रीसेट कर ई-कामर्स वेबसाइट अमेजन से गिफ्ट वाउचर खरीद लेता था। प्रारंभिक पूछताछ में ही आरोपितों ने पंजाब, गुजरात, तेलंगाना और मप्र के कई बड़े कारोबारियों के खातों से 53 लाख रुपये निकालना स्वीकार लिया। डीसीपी के मुताबिक राशि का आंकड़ा करोड़ों रुपये तक जाएगा।

# मेलमारुवथुर से लौट रहे श्रद्धालुओं की बस लॉरी से टकराई, 4 की मौत



**तमिलनाडु।** रानीपेट के पास मेलमारुवथुर में तीर्थयात्रा से लौट रहे कर्नाटक के श्रद्धालुओं की बस के एक लॉरी से टकराने से चार लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, 35 लोगों को गंभीर चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कर्नाटक के कोलार जिले के मुआंग क्षेत्र के सौ से अधिक श्रद्धालुओं ने मेलमारुवथुर के अधिपरशक्ति मंदिर में माला पहनाई, चार बसों में मंदिर गए, दर्शन किए और बुधवार रात को घर लौट आए। रात करीब 12 बजे रानीपेट जिले के चिपकोट इलाके में चेन्नई-चित्तूर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा करते समय श्रद्धालुओं को ले जा रही एक बस ने मिट्टी ले जा रहे एक लॉरी को ओवरटेक करने का प्रयास किया। तभी, अप्रत्याशित रूप से, श्रद्धालुओं की बस की टक्कर आंध्र प्रदेश से सब्जियां ले जा रही एक ईचलर वैन से हो गई। मिट्टी से भरा ट्रक भी बस के पिछले हिस्से से टकरा गया, जिससे तीनों वाहन सड़क किनारे खाई में पलट गए। इस भीषण दुर्घटना में आयशर वैन के चालक मंजूनाथन (30), क्लीनर शंकर (32), कृष्णप्पा (65) और सोमा शेखर (30) की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा बस में सवार महिलाओं समेत 35 से अधिक लोगों को गंभीर रूप से घायल होने के कारण बचा लिया गया, जिनका इलाज वल्लाजा सर कारी अस्पताल और निजी अस्पतालों में चल रहा है। रानीपेट जिले के एसपी विवेकानंद शुक्ला ने व्यक्तिगत रूप से दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया और दुर्घटना की जांच की। सिबकट पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच कर रही है।

# भगदड़ के बाद सीएम नायडू ने बुलाई समीक्षा बैठक, मृतकों के परिजनों से मिलने भी जाएंगे



**भुवनेश्वर** आंध्र प्रदेश के तिरुमाला हिल्स पर भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ एकादशी उत्सव शुरू होने से दो दिन पहले मची भगदड़ को लेकर राज्य सरकार सतर्क है। घटना में छह श्रद्धालुओं की मौत बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने समीक्षा बैठक बुलाई है। साथ ही वह मृतकों के परिजनों से भी मिलने जाएंगे। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम कुमार जैन ने कहा कि सरकार तिरुपति भगदड़ जैसी घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि तिरुमाला तिरुपति मंदिर में दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। मंदिर प्रशासन का दावा है कि भगदड़ में छह श्रद्धालुओं की जान चली गई और करीब 40 लोग घायल हो गए।

मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने भी समीक्षा बैठक बुलाई है। वे भी थोड़ी देर में मंदिर जाएंगे और स्थिति का जायजा लेंगे।

# शंभू बॉर्डर पर एक और किसान ने की सुसाइड की कोशिश, हालत गंभीर

**तरनतारन, 09 जनवरी [एजेंसी]।**



एमएसपी की गारंटी कानून सहित अन्य किसानी मांगों को लेकर शंभू बॉर्डर और खनौरी बॉर्डर पर किसानों का प्रदर्शन जारी है। इस बीच शंभू बॉर्डर पर एक किसान ने सल्फास निगल लिया है। जिसके बाद से उसकी हालत खराब हो गई है। फिलहाल उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा है। किसानी मांगी को लेकर शंभू बॉर्डर पर दिए जा रहे धरने में शामिल होने के लिए तरनतारन जिले के गांव पहुविंड निवासी किसान रेशम सिंह 6 जनवरी को अपने गांव रवाना हुआ था।रेशम सिंह के साथ पांच अन्य और भी किसान थे। गुरुवार को रेशम सिंह द्वारा मोर्चे दौरान सल्फास निगलने की सूचना मिलते ही रेशम सिंह का परिवार पटियाला के लिए रवाना हो गया।

गांव के पूर्व सरपंच इंद्रवीर सिंह ने बताया कि रेशम सिंह की पत्नी दविंदर कौर व बेटा इंद्रजीत सिंह काफी परेशान है। रेशम सिंह इससे पहले भी दिल्ली आंदोलन में शामिल होता रहा है। पूर्व सरपंच ने बताया कि रेशम सिंह द्वारा सल्फास निगलने की सूचना सुबह करीब 9.30 मिली जिसके बाद परिवार पटियाला के लिए रवाना हो चुका है।

# मुलायम सिंह यादव के भाई राजपाल सिंह का निधन, सैफई में किया जाएगा अंतिम संस्कार



**इटावा 09 जनवरी।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई राजपाल सिंह यादव का गुरुवार सुबह निधन हो गया। लंबे समय से बीमार चल रहे राजपाल यादव ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में तड़के 4 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से यादव परिवार और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में गहरा शोक व्याप्त है। राजपाल यादव का राजनीतिक और सामाजिक योगदान हमेशा याद किया जाएगा। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव सैफई में किया जाएगा। बताया गया है कि गुरुग्राम से उनका पार्थिव शरीर स्वजन लेकर सैफई के लिए रवाना हो चुका है। दोपहर 1 बजे तक शव के सैफई पहुंचने की संभावना है। अंतिम दर्शन के लिए उनके पार्थिव शरीर को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवास पर बने गेस्ट हाउस में रखा जाएगा। शाम 5 बजे सैफई में साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# चीन छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान बना रहा, हमें अभी भी तेजस का इंतजार! वायुसेना प्रमुख ने जताई चिंता

**नईदिल्ली, 09 जनवरी [एजेंसी]।**



वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने तेजस लड़ाकू विमानों के अधिग्रहण में हो रही देरी पर गहरी चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि चीन छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों का परीक्षण कर रहा है, जबकि हम अभी भी भारत में बन रहे तेजस लड़ाकू विमानों के अधिग्रहण का इंतजार कर रहे हैं। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में समय बेहद अहम होता है और अगर समयसीमा का ख्याल न रखा जाए तो तकनीक का फिर कोई उपयोग नहीं होता।

21वें सुब्रतो मुखर्जी सेमिनार में वायुक्षेत्र में आत्मनिर्भरता विषय पर बोलते हुए वायुसेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह ने कहा कि साल 2016 में हमने तेजस को वायुसेना में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू की थी। साल 1984 में इस प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई थी। इसके 17 साल बाद वायुयान ने उड़ान भरी।

## वायनाड दर्रे पर जीप पलटने से दो घायल

**केरल।** थमारसेरी-वायनाड दर्रे पर एक जीप पलटने से दो लोग घायल हो गए। हादसा आज सुबह साढ़े नौ बजे हुआ. जीप में सवार काइतापो के दो मूल निवासी घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में ले जाया गया। दर्रे में दूसरे मोड़ से अनियंत्रित जीप पलट गई। औंधे मुंह गिरी जीप का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# मध्य प्रदेश में ईडी को सट्टेबाजी के आरोपी के बैंक लॉकर से मिला 3.5 किलो से ज्यादा सोना



**नईदिल्ली, 09 जनवरी।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इंदौर की टीम ने क्रिकेट की ऑनलाइन सट्टेबाजी में शामिल आरोपितों के बैंक लाकर से विदेशी सोना जब्त किया है। ईडी ने सट्टेबाजी में आरोपित संजय अग्रवाल के बैंक लॉकर को खुलवाकर जांच की। इस दौरान विदेशी सोने के बिस्किट जिनका वजन 3.50 किलो है, बरामद हुए। साथ में 750 ग्राम गहने भी मिले हैं। इन सबकी कुल कीमत 3.36 करोड़ आंकी गई है। सोने और गहनों को ईडी ने जब्त कर लिया है। 12 दिसंबर को ईडी ने उज्जैन के सट्टेबाज पीयूष चौपड़ा और उसके सहयोगियों के ठिकाने पर छापे मारकर जांच की थी। सट्टेबाजी के उसके कारोबार में शामिल सहयोगियों के ठिकानों पर इंदौर और लुधियाना में भी टीमें पहुंची थीं।

## बैंक अकाउंट और लॉकर फ्रीज कर दिए...

चौपड़ा के सहयोगी इंदौर के संजय अग्रवाल के ठिकानों पर भी ईडी की टीम पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में बैंक खाते और लॉकर फ्रीज कर दिए गए थे। मंगलवार को अग्रवाल के लॉकरों को खुलवाना शुरू कर जांच को आगे बढ़ाया गया।

## टेनिस के मैचों पर भी ऑनलाइन सट्टेबाजी...

ईडी के अनुसार इंदौर-उज्जैन के ये सट्टेबाज अंतरराष्ट्रीय गिरोह से जुड़े थे। क्रिकेट के साथ टेनिस के मैचों पर भी ऑनलाइन सट्टेबाजी चलाते थे। फर्जी दस्तावेजों से मोबाइल सिम हासिल कर ये रैकेट चलाते थे। साथ में हवाला व मनी लांड्रिंग के सबूत भी मिलने के बाद ईडी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट में केस दर्ज किया था। दिसंबर के छापों में 31 लाख रुपये की नकदी और आठ करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की जा चुकी है।

# माखन गांव में पूर्ण बंद लागू, लियांगमाई नागा परिषद ने न्याय की मांग की

**मणिपुर।** के. लुइंगवाइरम नागा गांव के निवासियों ने मुनलाई कुकी गांव के लोगों द्वारा कथित तौर पर की गई हिंसा के बाद माखन गांव क्षेत्र में पूर्ण बंद लागू कर दिया। बंद की शुरुआत लिआंगमाई नागा महिला पर हमला किए जाने और के. लुइंगवाइरम गांव में बच्चों के अनाथालय और एक आवासीय घर सहित संपत्ति को नष्ट करने की रिपोर्ट के बाद हुई।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# कलेक्टर ने किया चौपाटी और प्रस्तावित रपटा निर्माण स्थल पुरानी बस्ती का निरीक्षण

### पुरानी बस्ती से सर्वमंगला तक बनेगी रपटा



कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय एवं अन्य अधिकारियों के साथ घंटाघर ओपन थियेटर के समीप स्मृति उद्यान के पीछे स्थित चौपाटी का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री वसंत ने चौपाटी में पूर्व में किए गए विकास व निर्माण कार्यों की आवश्यकतानुसार मरम्मत करने, पेवर ब्लाक, ड्रेन निर्माण के साथ-साथ पानी, बिजली की सुविधा सुनिश्चित कराए जाने व चौपाटी की साफ-सफाई कर उसे व्यवस्थित किए जाने के निर्देश दिए । उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि घंटाघर मैदान के चौपाटी संघ के पदाधिकारियों व अध्यक्ष से चर्चा कर उनकी सहमति से ठेले गुमठी की शिफ्टिंग स्मृति उद्यान के पीछे स्थित उक्त चौपाटी में करने की योजना बनाएं तथा चौपाटी शिफ्टिंग के पश्चात आवश्यकतानुसार चौपाटी को और अधिक विकसित व सुविधायुक्त स्वरूप दिए जाने की कार्ययोजना पर काम करें।

कलेक्टर श्री वसंत ने कोरबा पुरानी बस्ती से सीधे सर्वमंगला मंदिर तक रपटा निर्माण के मद्देनजर आज उक्त स्थल का निरीक्षण किया । यहाँ उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा अपने कोरबा प्रवास के दौरान कोरबा पुरानी बस्ती से सर्वमंगला मंदिर तक सीधी पहुंच हेतु हसदेव नदी के उक्त स्थल पर रपटा निर्माण की घोषणा की गई थी। मुख्यमंत्री के द्वारा की गई उक्त घोषणा को अमलीजामा पहनाने व रपटा निर्माण की दिशा में कार्यवाही को गति देने के संदर्भ में उक्त स्थल निरीक्षण किया गया। कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि रपटा निर्माण के पश्चात पुराने कोरबा शहर से सर्वमंगला मंदिर व कुसमुण्डा की ओर जाने के लिए शार्ट-कट मार्ग सुलभ हो जाएगा तथा यह दूरी अत्यंत कम हो जाएगी, वहीं वहाँ का ट्रेफिक डायवर्ट होने से कोरबा शहर की यातायात व्यवस्था पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। रेलवे फाटक बंद होने से पुराने कोरबा शहर की ओर से सर्वमंगला रोड व कुसमुण्डा की तरफ जाने वाले नागरिकों को होने वाली असुविधा एवं समय की बर्बादी को भी रोका जा सकेगा इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के साथ ही अपर आयुक्त विनय मिश्रा, निगम के अधीक्षण अभियंता एम. के. वर्मा, जोन कमिश्नर ए. के. शर्मा, विनोद शांडिल्य, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, पीयूष राजपूत, विनोद गोंड़, सुनील वर्मा, सुमित गुप्ता, आनंद राठौर, प्रिंस सिंह आदि उपस्थित थे।

# अनुकम्पा नियुक्ति के तहत पात्र 10 आवेदकों को पटवारी प्रशिक्षण के लिए किया गया है चयनित

### प्रशिक्षण उपरांत विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण होने पर पटवारी के रूप में दी जाएगी नियुक्ति

**कोरबा** । राज्य शासन द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों में भर्ती हेतु जारी नए निर्देशो के परिपालन में जिला प्रशासन द्वारा पात्र 10 आवेदकों को पटवारी पद पर नियुक्ति हेतु पटवारी प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया है। उक्त चयनित 10 अभ्यर्थियों के पटवारी प्रशिक्षण प्राप्त कर निर्धारित परीक्षा उत्तीर्ण करने उपरांत पटवारी के पद पर नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

जिसके अंतर्गत कोरबा नगरीय क्षेत्र सिंचाई कॉलोनी निवासी श्री मोहनीश जनजान, करतला तहसील के ग्राम फरसवानी के श्रीमती ललिता अनंत, देवलापाठ के श्री राकेश कुमार यादव, ग्राम केरवाद्वारी के श्री संजय कुमार राठिया, ग्राम नवापारा के श्री कृष्ण कुमार कंवर, ग्राम चीतापाली के श्री विश्वलोचन कंवर, बिलासपुर के ग्राम गुड़ी की श्रीमती योगेश्वरी साहू, जांजगीर चांपा के ग्राम करमा निवासी श्री सत्यप्रकाश सोनवाने, ग्राम कुरदा के श्री जवाहर लाल एवं एनटीपीसी जमनीपाली के श्री आदित्य चौहान शामिल है। गौरतलब है कि शासकीय सेवकों की असामयिक मृत्यु होने पर उनके परिवार के आश्रित सदस्य को नौकरी में प्राथमिकता दिये जाने के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में जारी एकजाई पुनरीक्षित निर्देश एवं समय समय पर किये गये संशोधनों का समावेश करते हुए निर्देशों का अद्यतन संकलन जारी किया गया है।

उक्त निर्देश की कंडिका 15 (10) के अनुसार संबंधित के विभाग एवं विभागाध्यक्ष द्वारा प्राप्त प्रमाण पत्र के अनुसार विभागाध्यक्ष एवं उनके अधीनस्थ कार्यालय में अनुकम्पा नियुक्ति के लिए सहायक ग्रेड-3 का पद रिक्त नहीं है। जिसके कारण पटवारी के रिक्त पद पर अनुकम्पा नियुक्ति किये जाने हेतु प्रकरण जिला कार्यालय को प्राप्त हुआ है। उक्त एकजाई पुनरीक्षित निर्देश 2013 के कंडिका 15 (1) के अनुसार विभागाध्यक्ष कार्यालय से जिला कलेक्टर को अनुकम्पा नियुक्ति का प्रकरण प्राप्त होने के फलस्वरुप एवं विभागीय छानबीन/चयन समिति द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार उक्त 10 आवेदको को जिला प्रशासन के अन्तर्गत कार्यालय कलेक्टर (भू-अभिलेख शाखा) कोरबा के अधीन पटवारी पद के लिए योग्य पाए जाने के फलस्वरूप पटवारी प्रशिक्षण हेतु शर्तों के अधीन चयन किया गया है। साथ ही यह चयन नियुक्ति आदेश नही है। सभी चयनित आवेदकों को नियमानुसार पटवारी प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा एवं प्रशिक्षण उपरांत निर्धारित परीक्षा उत्तीर्ण करने पर नियुक्ति दी जाएगी। यह चयन पूर्णतः प्रावधानिक है।

जांच में किसी भी प्रक्रिया में व्यक्ति का पद हेतु पात्रता नही पाए जाने पर अथवा गलत जानकारी के आधार पर चयनित होने की स्थिति में सम्बंधित को बिना कारण बताए चयन निरस्त किया जाएगा।

आगामी पटवारी प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ होने पर चयनित आवेदकों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। साथ ही पटवारी प्रशिक्षण उपरांत विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण नही किये जाने की स्थिति में पुनः अनुकम्पा नियुक्ति की अधिकारिता नही होगी।

## धान, बारदाना के स्टॉक का जनवरी माह में 03 चरणों मे किया जाएगा भौतिक सत्यापन

कोरबा। छत्तीसगढ़शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य में उपार्जित किए जा रहे धान, बारदाना के स्टॉक का भौतिक सत्यापन माह जनवरी 2025 में तीन चरणों में किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तहत प्रथम चरण 07 जनवरी 2025 से 14 जनवरी 2025 तक, द्वितीय चरण 15 जनवरी से 22 जनवरी 2025 तक एवं तृतीय चरण 23 जनवरी से 31 जनवरी 2025 के मध्य निर्धारित है।

कलेक्टर श्री अजीत बसंत द्वारा राज्य शासन द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में जिले में पदस्थ जिलाधिकारियों के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य, कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को शामिल कर जांच दल का गठन किया गया है। उन्होंने निर्देशित किया है कि नियुक्त जांच दल के अधिकारियों द्वारा माह जनवरी 2025 में निर्धारित तिथि अंतर्गत आबंटित धान खरीदी केंद्रों का 03 चरणों में भौतिक सत्यापन कर पूर्व में गिरदावरी सत्यापन कार्य में इंस्टाल एप्प के माध्यम से डाटा ऑनलाईन अपलोड किया जाएगा। साथ ही उक्त कार्य का पालन प्रतिवेदन जिला खाद्य कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा।

## अवैध प्रसव के मामले को लेकर ज्ञापन सौपा

कोरबा। जिले के पोड़ी-उपरोड़ा स्थित कन्या छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाली एक छात्रा जिस तरह से गर्भवति हुई और उसके बाद उसके द्वारा एक शिशु को जन्म दिया, उस मामले को पूरी तरह से तूल पकड़ लिया है। इस विषय को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के पदाधिकारी जिला शिक्षाधिकारी के कार्यालय पहुंचे और अपनी बात रखी। उन्होंने बताया,कि 3 जनवरी को छात्रावास में स्वास्थ्य परिक्षण का आयोजन किया गया था,तो फिर कैसे छात्रा के गर्भवति होने की बात सामने नहीं आई। छात्रावास में रहते छात्रा के गर्भवति होने का मामला काफी गंभीर है। संगठन ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर इस घटना के लिए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## नकदी नही मिलने से परेशान किसानों ने किया प्रदर्शन

कोरबा। जिला सहकारी बैंक में एक बार फिर से कैश की कमी हो गई है। नकदी रकम नहीं होने के कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धान खरीदी के सीजन मं जिन किसानों ने अपना धान बेचा है,उनके खातों में पैसे आ गए हैं,लेकिन बैंक में कैश की कमी होने के कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है। पैसे नहीं होने से आक्रोशित किसानों ने पुराना बस स्टैंड स्थित मुख्य मार्ग पर जमकर प्रदर्शन किया।

धान खरीदी के दौरान कोरबा जिले के जिला सहकारी बैंक में एक बार फिर से कैश की किल्लत हो गई है। नकदी रकम नहीं होने के कारण किसानों कों उनका पैसा नहीं मिल पा रहा है। आलम से है,कि किसानों को कहा जा रहा है,कि वे दो से तीन हजार ले जावें। नकदी नहीं होने से परेशान किसानों ने पुराना बस स्टैंड स्थित मुख्य जाम पर प्रदर्शन करना शुरु कर दिया। किसानों के प्रदर्शन से मौके पर जाम की स्थिती निर्मित हो गई। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत करने के प्रयास में जुट गई। हर साल नकदी की कमी से किसान जूझते है बावजूद इसके बैंक नकदी रकम की व्यवस्था नहीं करता,जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ता है। किसानों के प्रदर्शन के कारण घंटो तक मुख्य मार्ग बाधित रहा। मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। पुलिस ने काफी देर तक किसानों को समझाया जिसके बाद जाकर कहीं प्रदर्शन समाप्त हुआ।

# 50 फ़ीसद आरक्षण देने का झूठा वादा, ओबीसी महासभा कर रही प्रदर्शन

### रमेश यदु ने कहा, आरक्षण को खत्म करने की हो रही कोशिश

कोरबा। निकाय चुनाव में पिछड़े वर्ग के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का दावा करने वाली सरकार ने हाल में ही हुई आरक्षण की प्रक्रिया में वादे को पूरा नहीं किया। ओबीसी महासभा सरकार के इस रवैया से बेहद नाराज है। सभी जिलों में पहुंचकर उसके द्वारा बैठक की जा रही है और इस निर्णय के बारे में लोगों को अवगत कराया जा रहा है।

कोरबा के सियान सदन में ओबीसी महासभा के आयोजन के दौरान इस बात को प्रमुखता से कहा गया कि आने वाले दिनों में शैक्षणिक और अन्य आरक्षण को भी सरकार खत्म कर सकती है। छत्तीसगढ़ में जनगणना की स्थिति के आधार पर इस बात का खुलासा हुआ है कि यहां पर सर्वाधिक संख्या पिछले वर्ग की है। इसी आधार पर पिछड़ा वर्ग समाज विभिन्न क्षेत्र में अधिकतम प्रतिनिधित्व देने की मांग कर रहा है। उसे पहले 27 फ़ीसद आरक्षण मिल रहा था समाज की मांग है कि इसमें बढ़ोतरी की जाए। ओबीसी महासभा का कहना है कि कुछ महीने पहले सरकार की ओर से घोषणा की गई थी कि स्थानीय और पंचायत चुनाव में ओबीसी को 50त्न आरक्षण दिया जाएगा। लेकिन निकाय चुनाव की घोषणा होने के दौरान आरक्षण की व्यवस्था में पाया गया कि आरक्षण का अनुपात और भी कम कर दिया गया है। कोरबा के ओपन थिएटर क्षेत्र में स्थित सियान सदन में आयोजित ओबीसी महासभा में समाज के प्रतिनिधि ने इसी बात पर आक्रोश जताया।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में हम 52 प्रतिशत हैं और हमें लग रहा है कि आरक्षण की पिछली स्थिति और कम हो गई है। छत्तीसगढ़ ओबीसी सर्व समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यादव ने बताया कि सरकार की ओर से हमें स्थानीय चुनाव में 50त्न आरक्षण देने का आश्वासन दिया गया था लेकिन अब छलावा किया गया है। उन्होंने बताया कि सात नगर निगम सामान्य के लिए आरक्षित किए गए हैं और इतनी ही संख्या एसटी एससी ओबीसी के लिए आरक्षित की गई है। नगर पालिका और नगर पंचायत के मामले में भी स्थिति कुछ ऐसी ही है।

प्रदेश अध्यक्ष ने इस बात पर चिंता जताई है कि अभी राजनीतिक क्षेत्र में आरक्षण कम किया गया है। इस बात की पूरी संभावना नजर आती है कि आने वाले समय में सरकार शैक्षणिक और अन्य मामले में हमारे आरक्षण को ही खत्म कर देगी।। प्रदेश अध्यक्ष ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि पांचवी अनुसूची वाले जिलों में तो पिछड़े वर्ग का आरक्षण समाप्त कर दिया गया है।

इसलिए हम विरोध के तौर पर सभी जिलों में प्रदर्शन कर रहे हैं।

चाहते हैं कि सरकार आरक्षण के मामले में पुनर्विचार करें वरना आगे उग्र आंदोलन होगा। कोरबा के सियान सदन में ओबीसी महासभा के द्वारा पिछड़े वर्ग को दिए जाने वाले आरक्षण के मामले में भारी भरकम कटौती को लेकर विरोध दर्ज किया गया। राजनीतिक क्षेत्र में ज्यादा प्रतिनिधित्व दिए जाने के बजाय इसमें कैची चलने की आलोचना की गई और सरकार के प्रति भड़ास निकली गई। ओबीसी समाज को लगता है कि जिस तरह दूसरे लोग सड़क पर आए दिन प्रदर्शन करते हैं और सरकार की परेशानी बढ़ाते हैं , कुछ इसी प्रकार का कदम करने के लिए उसे भी उकसाया जा रहा है। उसका कहना है कि अपना अधिकार प्राप्त करने के लिए अब निवेदन करने का समय नहीं रह गया है

क्योंकि बार-बार हमारे साथ वादा खिलाफी की जा रही है नेताओं से लेकर अधिकारी एक जैसी नीति अपना रहे हैं। जब दूसरों के प्रति सरकार का रवैया उदार हो सकता है तो फिर हम ऐसे मामले में समझौते क्यों करने वाले हैं। ओबीसी सर्व समाज के प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में कोरबा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पिछड़ा वर्ग से आने वाले लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इस बैठक में रखे गए ज्वलंत मुद्दे पर अपनी बात रखी। यहां पर सुनिश्चित किया गया कि आने वाले दिनों में इस मसले को लेकर उग्र आंदोलन जरूर होगा और इसके जरिए हम अपना संदेश प्रदेश से लेकर केंद्र तक भेजेंगे।

## हथियार दिखाकर महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। धारदार हथियार की नोक पर महिला के साथ दुश्कर्म करने वाले आरोपी को कोरबा की कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शौच के लिए नदी किनारे गई महिला के साथ आरोपी ने अनाचार की घटना कों अंजाम दिया। शिकायत के बाद हरकत में आई पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। कोरबा में कोतवाली थानांतर्गत एक महिला से दुश्कर्म करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। धारदार हथियार की नोक पर उसके साथ दुष्कृत्य किया गया है। मोतीसागर पारा क्षेत्र में रहने वाली महिला अपने घर के पास मौजूद हसदेव नदी किनारे शौच के लिए गई हुई थी,इसी दौरान आरोपी मौके पर पहुंचा और सूनेपन का फायदा उठाते हुए हथियार की नोक पर डरा धमकाकर उसके साथ गलत काम किया। अपने साथ हुए अनाचार की घटना से महिला काफी देर तक डरी और सहमी रही,जिसके बाद उसने परिजनों को पूरी बात बताई। घटना की जानकारी होने पर परिजन सीधे कोतवाली पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस हरकत में आई और कुछ घंटो में ही आरोपी महेत्तर सिंह को दबोच लिया।

## कोयला लोड हाइवा ने बाइक चालक सहित पांच खड़ी गाड़ियों को मारी टक्कर-आक्रोश

कोरबा । कोरबा-चांपा मुख्य मार्ग के उरगा-हाटी मार्ग पर एक कोयला लोड हाइवा ने एक बाइक चालक सहित पांच खड़ी गाड़ियों को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार उक्त हादसे के उपरांत हाइवा इमली पेड़ पर जा टकराई। घटना में बाइक चालक के सिर और पैर पर गंभीर चोटें आई है। घटना पश्चात स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। लोगों ने मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। पुलिस की समझाईश के बाद मामला शांत हुआ। घटना करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत दोपहर लगभग 12 बजे की बताई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि उक्त हाइवा गेवरा खदान से कोयला लोडकर उरगा-हाटी मार्ग द्वारा रायगढ़ की ओर जा रही थी। गाड़ी करतला बस स्टैंड के पास पहुंची थी। गाड़ी अचानक अनियंत्रित हो एक बाइक को टक्कर मार दिया। गाड़ी यही नहीं रूकी। अनियंत्रित हाइवा ने खड़ी चार अन्य गाड़ियों को भी अपनर्र चपेट में ले लिया और फिर इमली के पेड़ से जा टकराई।

## भूमिगत खदानों से कोयला उत्पादन करने एसईसीएल प्रबंधन जुटा तैयारी में

कोरबा । कोरबा जिलान्तर्गत नए साल में अघोषित बंद भूमिगत खदानों से पुनः कोयला उत्पादन करने एसईसीएल ने जरूरी तैयारी शुरू कर दी है। बताया जा रहा हैं की कंटीन्यूअस माइनर लगाकर उत्पादन में उन बंद कोयला खदानों को लाएंगे, जिन भूमिगत खदानों में कोयला छूटा हुआ है और इसे बाहर निकाला नहीं जा सका है। जिले की कई कोयला खदानें पर्यावरणीय अनुमति की जरूरी प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाने के कारण उत्पादन से बाहर हो गयी थी। भूमिगत खदानों के कोयले की अभी भी बाज़ार में अच्छी मांग हैं। खुले मुहाने खदान की तुलना में उच्च राख युक्त कोयला होने से स्टील सहित अन्य उद्योगों में इसकी मांग बरकरार है। जिले में एसईसीएल-कोरबा क्षेत्र में भूमिगत खदानें हैं। बताया गया कि 7 मार्च तक ढेलवाडीह भूमिगत खदान से कोयला उत्पादन करने पर्यावरणीय अनुमति मिली है। आगे कोयला उत्पादन खदान से जारी रखने जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा करना होगा।

## अलौकिक अंदाज रहा शिव पार्वती विवाह का, बारात में झूमे गण और भक्त

कोरबा। तरह-तरह की वेशभूषा, असाधारण अंदाज और पारंपरिक वाद्य यंत्रों व गीतों के बीच जब भगवान शिव की बारात निकली तो नजारा गजब का था। जिस रास्ते से बारात निकली, वहां हर कोई इसे कौतूहल से देख रहा था। लोगों ने फूल बरसाए और जयकार किया। कोरबा के मुड़ापार क्षेत्र में महिला मंडल के द्वारा शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है, जहां पर चौथे दिन शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग संपन्न हुआ। आंतरिक मार्ग से होते हुए बारात कथा स्थल पर पहुंची, जहां पर परंपराओं के अंतर्गत भगवान शिव और पार्वती का विवाह हुआ। इस दौरान भगवान शिव के गण सहित श्रद्धालु जमकर झूमे और खुशियां साझा की। कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों ने यथाशक्ति उपहार भेंट किया। शिव महापुराण कथा के अंतर्गत ,कथा वाचक पंडित दशरथ नंदन द्विवेदी ने कहां की भगवान शिव को पाने के लिए देवी पार्वती ने कठिन तपस्या की। भोलेनाथ ने कहा कि वे किसी राजकुमार से शादी करें क्योंकि एक तपस्वी के साथ रहना आसान नहीं है। पार्वती के हठयोगी आगे आखिरकार भगवान शिव द्रवित हो गए और दोनों का विवाह हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान शिव सामान्य पूजा पद्धति से ही अपने भक्तों को खुश कर देते हैं । पौराणिक काल से लेकर अब तक यह चिरंतन शाश्वत सत्य चरितार्थ हुआ है। इसलिए भगवान शिव को औघड़दानी के नाम से भी पहचाना जाता है । कथा प्रसंग के अंतर्गत पंडित द्विवेदी ने कहा- देवी पार्वती का जन्म हिमालय राजा के यहां हुआ था। पार्वती बचपन से ही भगवान शिव को मानती थीं। विवाह से पहले तारकासुर राक्षस तीनों लोक में अत्याचार कर रहा था। भगवान शिव ने अपने पुरुषार्थ से अनेक आसूरी शक्तियों का विनाश किया और प्रजा को सुख दिया। उन्होने कहा कि शिव जी ने भूत-प्रेत और अनेक तरह के गणों के साथ बारात लेकर पार्वती से विवाह किया था। पार्वती की मां मैनावती ने विवाह से इंकार कर दिया था। अपनी माँ की इच्छा को देखते हुए पार्वती ने शिव जी से प्रार्थना की कि वे विवाह के रीति-रिवाजों को ध्यान में रखते हुए तैयार हो जाएं। इस प्रकार की मान्यताएं हैं कि देवताओं ने शिव जी का श्रृंगार किया और उनके सुंदर दिव्य रूप को देखकर सभी प्रसन्न हुए। चौथे दिन की कथा में पंडित दशरथ नंदन द्विवेदी ने कहा कि हर युग में सृष्टि में अलग-अलग अवतार हुए हैं और उनके पीछे विशिष्ट उद्देश्य रहा है। भगवान शिव को सत्य और सुंदर की संज्ञा दी गई है और समय के साथ इसने अपनी अर्थवत्ता को स्पष्ट भी किया है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि सनातन परंपरा और संस्कृति अपने आप में अद्भुत और विलक्षण है जिसकी जड़ें चिरकाल से विद्यमान है। अपेक्षा की जानी चाहिए कि इस युग में भी लोग सनातन मूल्य और शिक्षा के प्रति सजगता दिखाएंगे, क्योंकि यह आज वैश्विक आवश्यकता भी है।

## ठगी की शिकार महिलाओं के आंदोलन को रामपुर विधायक राठिया ने दिया समर्थन कहा कर्ज माफ किया जाए

कोरबा। फ्लोरा-मैक्स कंपनी ने महिलाओं को अच्छी कमाई का झांसा देकर कर्जदार बना दिया है। उनके नाम पर कई माइक्रो फाइनेंस बैंकों से लोन लिए गए। अब बैंक के कर्मचारी उन पर किश्त जमा करने दबाव बना रहे हैं। जिसे लेकर महिलाएं शासन प्रशासन से कर्ज माफी और कंपनियों पर कार्रवाई की मांग कर चुकी हैं। मांग पूरी नहीं होने पर महिलाओं को तानसेन चौक पर आमरण अनशन करना पड़ रहा है। आंदोलन के तीसरे दिन रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया महिलाओं के समर्थन में धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने महिलाओं को संबोधित किया और शासन प्रशासन को चेताया कि महिलाओं की मांग पूरी नहीं हुई तो वे उरगा चौक में आर्थिक नाकेबंदी के लिए बाध्य होंगे।फ्लोरा मैक्स कंपनी से ठगी गई महिलाएं तानसेन चौक पर प्रदर्शन कर आवाज बुलंद की जा रही है। ज्ञापन व गुहार के बाद भी उनकी मांग पर संज्ञान नहीं लिए जाने से महिलाओं में आक्रोश व्याप्त है। तानसेन चौक पर महिलाएं आमरण अनशन पर बैठी हुई हैं। फ्लोरा मैक्स से ठगी की शिकार महिलाओं की कर्ज माफी एवं संबंधित बैंक कर्मचारी के ऊपर कठोर कार्यवाही को लेकर रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान सभा स्थल पर महिलाओं को संबोधित करते हुए श्री राठिया ने कहा कि महिलाओं के साथ जब इस तरह की धोखाधड़ी हो रही थी तो शासन, प्रशासन और पुलिस ने क्यों नहीं रोका। क्यों महिलाओं को आगाह नहीं किया। उन्होंने कहा कि हम जब बैंक से लोन लेने जाते हैं तो हमसे तरह-तरह के कागजात मांगे जाते हैं। कई स्तर की जांच की जाती है, और वहीं दूसरी ओर महिलाओं को एक नहीं चार-पांच बैंकों से बिना सत्यापन की लोन दे दिया गया। इसमें फाइनेंस बैंकों की भी मिलीभगत है। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में विधायक ने कहा है कि फ्लोरा मैक्स कंपनी के द्वारा लगभग 40 हजार आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की भोली-भाली महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के नाम से लाखों रूपये का कर्जदार बना दिया गया है। आज उनकी समस्याओं को सुनने के लिए न सरकार तैयार है और न ही जिला प्रशासन तैयार है। हमारे घर की माता बहनों को कड़कड़ाती ठंड में अमरण अनशन करना पड़ रहा है। अगर इनकी समस्याओं को सरकार एवं जिला प्रशासन गंम्भीरता से नहीं लेता है तो मैं इनके समर्थन में कोरबा चांपा मुख्यमार्ग में स्थित उरगा चौक में आर्थिक नाकेबंदी करने के लिए बाध्य रहूंगा। उन्होंने कहा कि फ्लोरा मैक्स में ठगी के शिकार महिलाओं का कर्ज माफी एवं संबंधित बैंक कर्मचारी के ऊपर कठोर कार्यवाही होनी चाहिए।

## जिलों के ग्रोथ स्ट्रेटजी प्लान को अंतिम रूप देने किया वर्कआउट

कोरबा । भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के 10 मिलियन मेंबरशिप के लक्ष्य में सहभागिता के लिए छत्तीसगढ़ राज्य भी तैयार हो चुका है। दो दिवसीय मेंबरशिप ग्रोथ वर्कशॉप में जिला एवं ब्लॉकवार टारगेट सेट कर स्ट्रेटजी प्लान को अंतिम रूप देने वर्कआउट किया गया।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय, रायपुर द्वारा इंडस पब्लिक स्कूल में दीपका, कोरबा में जिला संगठन आयुक्तों के लिए दो दिवसीय मेंबरशिप ग्रोथ वर्कशॉप का आयोजन किया गया। राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के दिशा-निर्देश पर आयोजित वर्कशॉप में राज्य मुख्यालय के पदाधिकारियां तथा कुछ जिलों से जिला सचिव, जिला संयुक्त सचिव एवं स्काउटर, गाइडर भी सम्मिलित हुए। इंटीग्रेशन सेशन कोरबा जिले की सीनियर रेंजर्स टीम ने पूरा किया। एक्सपेक्टेशन एवं ऑब्जेक्टिव सेशन एएलटी गाइड केप्टीन एवं ग्रोथ फेसिलिटेटर पुष्पा शांडिल्य द्वारा लिया गया। कार्यशाला के मूल विषय ग्रोथ क्या है, इसकी आवश्यकता क्यों है और हमें क्यों आगे बढ़ना है, उदाहरण के साथ इसकी जानकरी स्टेट कोऑर्डिनेटर मोहम्मद सादिक शेख ने दी। स्टेट कोऑर्डिनेटर श्री शेख ने ग्रोथ से संबंधित सात इंग्रेडिएंट को विस्तार से बताया। मेंबरशिप ग्रोथ कैंपेन और इसके महत्वपूर्ण तत्व क्या- क्या हैं, इस पर ध्यान केन्द्रित किया गया। तैयार की गई राज्य सांख्यिकी को डिस्प्ले किया गया तथा जिलों का डेशबोर्ड कैसे बनाया जाना है, यह बताया गया। स्टेट कोऑर्डिनेटर ने मेंबरशिप ग्रोथ के तहत निर्धारित राज्य एवं जिलों के लक्ष्य की जानकारी दी, मार्केट शेयर के बारे में बताया। इस दौरान प्रतिभागियों ने कोरिलेशन एक्सराइज के तहत जिले के मेंबरशिप के लक्ष्य को ब्लॉकवार विभाजित किया तथा 2026 के लिए टारगेट सेट किया। प्रतिभागियों को डिस्ट्रीक्ट ग्रोथ स्ट्रेटजी प्लान कैसे तैयार किया जाना है, इसकी जानकारी दी।

# रैली निकालकर जिला प्रशासन को 15 सूत्रीय मांगों का सौंपेंगे ज्ञापन

## विधायक के नेतृत्व में कांग्रेसी करेंगे प्रदर्शन

**जांजगीर-चांपा।** जिले में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर विधायक के नेतृत्व में कांग्रेसी 10 जनवरी को जिला मुख्यालय में विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे। साथ ही अपनी 15 सूत्रीय मांगों को लेकर रैली निकालकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

प्रेसवार्ता में पत्रकारों को जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने बताया कि जिला गठित होने के बाद इतने वर्षों में आज तक जिला मुख्यालय में विकास कार्य नाहीं हो पाया है। शहर में चारों ओर विभिन्न प्रकार की समस्याएं है।।वर्तमान में सरकार जांजगीर-चांपा में विकास करना नहीं चाहता है। इसलिए ध्यानाकर्षण के लिए कांग्रेस विधायक कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जिलेवासियों के साथ छलावा किया जा रहा है। 6 जनवरी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पहली बार जिला मुख्यालय पहुंचे थे। शहरवासियों को सीएम से बड़ी उम्मीद थी। लेकिन उम्मीदों पर पानी फिर गया। एक भी घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा जिलेवासियों के लिए नहीं किया गया। इसके अलावा प्रदेश में 18 लाख पीएम आवास के तहत मकान निर्माण की बात कही जा रही है। जो गलत है। वर्तमान में शहर में जितना पीएम आवास के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। सभी को निरस्त कर दिया गया।

कार्यकर्ता व नागरिकों द्वारा 10 जनवरी को शहर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



इसमें धरना प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद रैली निकालकर 15 सूत्रीय मांगों का एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। विधायक ने बताया कि शहर में कई विकास कार्य बजट में शामिल होने के बाद भी पूरा नहीं किया जा रहा है। जिलेवासियों के छलावा किया जा रहा है। विभागों की उदासीनता के कारण 2024-25 में प्रस्तावित कार्यों को प्रारंभ नहीं किया जा सका है।

शहर में नेताजी चौक से शारदा चौक व नैला रेलवे स्टेशन की नाली निर्माण नहीं होने से बरसात का पानी सड़कों में भर जाता है। नाली निर्माण नहीं किया जा सका है। वर्तमान में जिला मुख्यालय व आससपास के गांव की विद्युत सप्लाई 220 केवी बनारी सब स्टेशन से होती है। जिसकी दूरी शहर से 18 किमी है। इससे बार-बार विद्युत सप्लाई बंद होते रहता है। नवागढ़, धुरकोट क्षेत्र में भी लगातार लोड बढ़ रहा है। शहर में 132 केवी सब स्टेशन निर्माण शहर सहित 40 हजार उपभोक्ता व चार लोगों को बार-बार बिजली बंद, लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिल सकेगा। खोखसा- पीथमपुर मार्ग का उन्नयन, नवागढ़ में एसडीएम कार्यालय प्रारंभ, जल आवर्धन योजना पर पहल की जाए।

शहर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट प्रारंभ किया जाए, पश्चिम केबिन नैला ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति बजट में दी जा चुकी है। इसके बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। राज्य सरकार ध्यान नहीं दे रही है। इससे हर 15 मिनट में लोगों को नैला फाटक में घंटो इंतजार करने की मजबूरी है। नवोदय विद्यालय प्रारंभ किया जाए, टीसीएल कॉलेज के लिए नवीन भवन, जिला अस्पताल को 220 बिस्तर अस्पताल में अपग्रेड किया जाए, नहरिया बाबा मंदिर के पास फुट ओवरब्रिज निर्माण सहित अन्य मांगें शामिल है।

## राष्ट्रीय शोध लेखन के लिए नगारीडीह के प्रधानपाठक को मिला सम्मान

**जांजगीर चांपा।** डॉ.आबेडकर पे बैंक सोसाइटी छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण की अग्रदूत सावित्रीबाई फूले की जयंती पर ऑडिटोरियम जांजगीर में राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वीरांगना माता बिलासा बाई केवटीन की जीवन पर आधारित शोध लेखन के लिए शासकीय अनुसूचित जाति बालक आश्रम नगारीडीह के प्रधान पाठक रामलाल केवट को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के कुल सचिव डॉ. इंदु अनंत, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, प्रोफेसर डॉ. प्यारेलाल आदित्य, बीईओ विजय लहरे, डॉ. जगत सिविल सर्जन, पुष्पा दिवाकर एबीओ, डॉ. अजय कुमार पटेल सहायक प्राध्यापक कोरबा मंचस्थरहे। उनके शोध लेखन को अंतर्दृष्टि वामानामक पुस्तक में प्रकाशित किया गया है। जिनका विमोचन भी इसी कार्यक्रम में हुआ। ज्ञात हो कि रामलाल केंवट उत्कृष्ट शिक्षक, उत्कृष्ट मास्टर ट्रेनर, मुख्यमंत्री शिक्षा दूत सम्मान से भी सम्मानित हो चुके हैं। साथ ही साथ ऑनलाइन जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी करवाने के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में जाने जाते हैं। इनके यूट्यूब चैनल केंवट सर का नवोदय गणित क्लास भी है, जिसमें जवाहरलाल नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों के लिए पूरा कोर्स, बीडियो के रूप में अपलोड है। इनके ऑनलाइन क्लास और यूट्यूब चैनल की सहायता से प्रतिवर्ष अनेकों बच्चों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हो रहा है।

## हाई व हायर सेकेंडरी के व्याख्याताओं को मिल रहा सेवाकालीन प्रशिक्षण

**जांजगीर चांपा ।** हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी के व्याख्याताओं के सेवाकालीन प्रशिक्षण का आयोजन जिला प्रशिक्षण केंद्र डाइट जांजगीर में 6 जनवरी से 9 जनवरी तक किया जा रहा है। सेवाकालीन प्रशिक्षण के दूसरे दिन कला संकाय के मास्टर ट्रेनर द्वारा व्याख्याताओं को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स फिरतराम ध्रुव के द्वारा राजनीतिक शास्त्र विषय के तहत लोकतंत्र में मतदान के संबंध में जानकारी दी गई। गुलाबधर दीवान के द्वारा इतिहास विषय के अंतर्गत प्रमुख घटनाओं व युद्ध के संबंध में प्रकाश डाला गया। इसके पूर्व सामाजिक विज्ञान व अर्थशास्त्र के मास्टर ट्रेनर राजीव कुमार साहू के द्वारा जलवायु के साथ-साथ भारत की राष्ट्रीय आय जीडीपी सहित बोर्ड परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों के बारे में चर्चा की गई। प्रशिक्षण के चर्चा के पूर्व राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित प्रतीक्षा सिंह को सभी व्याख्याता एवं मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सम्मानित किया गया। उनके द्वारा लोकतंत्र में मतदान व विभिन्न देशों की करेंसी को चलचित्र के माध्यम से सुंदर प्रस्तुति देकर सही व्याख्याता का ध्यान आकर्षित किया।

## सरपंच पदो के लिए आरक्षण देवरी पंचायत सामान्य सीट

**देवरी-चांपा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह में 59 ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों के लिए आरक्षण प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग और महिला आरक्षण के तहत पदों का निर्धारण किया गया। आरक्षण सूची जारी होने के बाद संबंधित ग्राम पंचायतों में आगामी पंचायत चुनावों की तैयारी शुरू हो गई है। देवरी ग्राम पंचायत में सरपंच सीट सामान्य हुआ है। वहीं बम्हनीडीह ब्लॉक के 30 पंचायतों में महिलाओं के लिए आरक्षित रखा है। आरक्षण सूची के अनुसार, एसी वर्ग के लिए 11 पंचायतें आरक्षित की गईं। इनमें से 6 महिलाओं के लिए हैं। एसटी वर्ग में 5 पंचायतें आरक्षित की गई। जिनमें 2 महिलाओं के लिए हैं। ओबीसी वर्ग में 13 पंचायतें आरक्षित की गई। जिनमें 7 महिलाओं के लिए हैं। सामान्य में 30 पंचायतें आरक्षित की गईं, जिनमें से 14 महिलाओं के लिए हैं। आरक्षण सूची जारी होने के बाद चुनावों की तैयारी शुरू हो गई है।

## मारपीट का आरोप, प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने लगा ली फांसी

### परिजनों का आरोप- पुलिस पूछताछ के नाम पर कर रही थी परेशान

**अकलतरा ।** नगर के एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। युवक के खिलाफ एक महिला ने थाने में मारपीट किए जाने की शिकायत की थी। मामले में परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए है कि पुलिस के द्वारा प्रताड़ित किए जाने से उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। परिजनों ने जांच की मांग की है।

अकलतरा थाना के पीछे में रहने वाले युवक बलराम उर्फ बल्लू यादव पिता चमारु यादव (27) के खिलाफ - पड़ोस में रहने वाली महिला ने लगभग तीन साल पहले मारपीट व छेड़छाड़ करने की रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस में रिपोर्ट होने से बलु हमेशा गुमशुम रहता था। अभी कुछ दिन पहले फिर से महिला के द्वारा बुलू के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट लिखाई गई। इसके लिए युवक को थाने में बार-बार पूछताछ के बुलाया जा रहा था, परंतु डर से वह थाना नहीं गया। जब वह थाना नहीं पहुंचा तो अकलतरा थाने से एएसआई केके कोसले और एक आरक्षक अजय भानू उसके घर पहुंचे और गाली- गलौज की। इससे परेशान होकर युवक ने दोपहर 3 फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

उस समय घर पर उसकी भतीजी थी, जिसने चाचा को फांसी पर लटके देखकर रस्सी को काटा और घरवालों को खबर किया गया। जिस पर युवक के पिता और बड़े भाई और भाभी घर पहुंचे तो उनका छोटा भाई मृत पड़ा हुआ था। युवक की मां अपने मंझले बेटे के घर गई हुई थी। जानकारी मिलते पहुंची वृद्ध मां का रो-रोकर बुरा हाल है। युवक के भाभी ने बताया कि सुबह दो पुलिस वाले उनके घर पर आए थे और उसके द्वारा बल्लू को बुलाया और उसको घर के सामने हाट बाजार के पास लेकर गाली-गलौज करने लगे। तब से उनका देवर डरा सहमा था। बड़े भाई रमेश यादव ने पुलिस पर 10 हजार रुपए की मांगने का आरोप भी लगाया है। फिलहाल परिजनों का कहना है कि युवक सीधा-साधा था। महिला द्वारा मारपीट का आरोप लगाने के बाद पुलिस के प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी की है। इस पर जांच की मांग की गई है।

### पूछताछ के लिए पहुंची पुलिस ने घर में ही किया शराब सेवन

मृतक युवक के भतीजा ने बताया कि पूछताछ करने के लिए एएसआई व एक आरक्षक पहुंचे थे। उन्होंने बल्लू से ही शराब मंगाया। इसके बाद घर में ही शराब का सेवन किया। फिर पूछताछ कर चले गए। इसके बाद कुछ देर बार दोपहर को ही बल्लू ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इससे परिजन सदमे में हैं।

## शहर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**अंबिकापुर।** शहर के गांधीनगर इलाके के ओंकारेश्वर मंदिर में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। आयोजन का शुभारंभ बुधवार को कलश यात्रा के साथ हुई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा सुबह 9 बजे गांधीनगर, गांधी चौक स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभहुई और बनारस मार्ग से होते हुए यज्ञ स्थल पर समाप्त हुई।

## सुने मकान में चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**जांजगीर-चांपा।** विगत दिनों हसदेव विहार हाउसिंग बोर्ड कालोनी में सुने मकान में हुई चोरी को करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर को प्रार्थी अपने परिवार सहित अम्बिकापुर चला गया था। इस दौरान 4 जनवरी को वापस आकर देखा तो मकान के अन्दर समान बिखरा पड़ा था, आलमारी से साड़ी, ब्लाऊज, आर्टिफिसियल गहने, चूडी, गले का हार, कान की बाली तथा सोने का चैन, कान की बाली, अंगूठी बच्चों की मुल्लक में रखे चिल्हर पैसे पैसे को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गए की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद कर विवेचना में किया गया। दौरान विवेचना संदेही ओमप्रकाश करियारे निवासी जगमहंत हाल मुकाम हसदेव विहार हाउसिंग बोर्ड कालोनी जांजगीर को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से आर्टिफियल गहना, सोने, चांदी का गहने, नगदी 1093 रूपये, कपड़ा, साडी, ब्लाउज, सूट, पैजामा, चूनरी जुमला कीमती 80 हजार को बरामद किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर 7 दिसंबर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 331(4), 306 (ए), 3/5 बी. एन. एस. के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## सड़क सुरक्षा माह: विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी

**जांजगीर।** 36 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के तहत डीपीएस स्कूल लछनपुर में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यातायात प्रभारी प्रदीप जोशी ने उपस्थित शिक्षक, छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों से संबंधित जानकारी देकर नियमों का पालन कर वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया।




साथ ही यातायात नियमों का पालन नहीं करने से होने वाले जान माल की हानि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों से अवगत कराने के साथ-साथ दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने के प्रति जागरूकता लाना है, क्योंकि वर्ष 2024 में घटित सड़क दुर्घटना प्रकरणों का अवलोकन करने पर सबसे ज्यादे मृत्यु दोपहिया वाहन में हुई है। इसका मुख्य कारण सिर में गंभीर चोट आने से होना पाया गया।

### चोरी के कपड़े पहनकर घूम रहे थे पति-पत्नी, दोनों हुए गिरफ्तार

**जांजगीर।** हसदेव विहार कालोनी में हाउसिंग बोर्ड के एसडीओ डीएन खलखो का मकान है क्रिसमस पर वे अपने परिवार के साथ अम्बिकापुर चले गए। इसी बीच अज्ञात चोर उनके सूने मकान का फायदा उठाकर हाथ साफ कर दिया। वापस लौटे तो दरवाजा टूटा था, वहीं कमरे के अंदर रखी अलमारी का सामान बिखरा था। एसडीओ ने ओमप्रकाश पर शंका जाहिर भी की। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ओमप्रकाश करियारे और जामबाई करियारे को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तब उन्होंने सूने मकान में चोरी करने की बात कबूल की।

## सड़क निर्माण में विलंब को लेकर वार्ड वासियों ने किया चक्काजाम, डेढ़ घंटे किया प्रदर्शन

**अकलतरा।** नगर के थाना रोड में सड़क निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी सड़क निर्माण में हो रहे विलंब से नाराज वार्ड वासियों के द्वारा 7 जनवरी को सुबह 11 बजे राजपूत पैथोलैब के पास चक्का जाम कर दिया गया।

थाना रोड पर चक्काजाम और धरना प्रदर्शन होने से कॉलेज व स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं के सा साथ मार्ग में स्थित अन्य शासकीय कार्यालय में जाने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आयुष शर्मा और यूनुस खान ने बताया कि थाना रोड मार्ग गड्ढों में तब्दील होने से आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगरपालिका परिषद कार्यालय में बार-बार ज्ञापन सौंपने के बाद भी सड़क की मरम्मत या प्रदर्शन स्थल में नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश साहू, नगर पालिका में पदस्थ उप अभियंता जागेश तिग्गा और पुलिस थाना के स्टाफ पहुंचे। नायब तहसीलदार ने चक्काजाम और धरना-प्रदर्शन कर रहे वार्ड के लोगों से चर्चा करते हुए धरना- प्रदर्शन और आंदोलन समाप्त करने की बात कही, लेकिन प्रदर्शनकारी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होता तब तक धरना प्रदर्शन व चक्का जाम जारी रहने की बात कही।

नायब तहसीलदार ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मोबाइल से चर्चा करते हुए सड़क निर्माण कार्य की निविदा के संबंध में जानकारी देने और ठेकेदार को धरना प्रदर्शन स्थल में बुलाने को कहा। सड़क निर्माण के लिए वार्ड वासियों के तीव्र आग्रह को देखते हुए 12:30 बजे पूर्व विधायक सौरभ सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं पार्षद मुरलीधर मिश्रा, विजय खंडेल एवं भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन यादव की उपस्थिति में सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्य किया गया इसके बाद वार्ड वासियों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

## ओबीसी आरक्षण में कटौती को लेकर किया गया विरोध प्रदर्शन

### सर्वसमाज महासंघ ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**जांजगीर-चांपा।** ओबीसी आरक्षण की कटौती को लेकर सर्वसमाज महासंघ ने मोर्चा खोल दिया है। जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही अपनी 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

छत्तीसगढ़ सर्व समाज महासंघ द्वारा जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। संघ ने बताया कि सार्वजनिक उपक्रमों व सरकारी उच्च पदों, न्यायालयों, मीडिया सहित राजनैतिक प्रतिनिधित्व तक में ओबीसी अनुपातिक रूप से बहुत कम संख्या में है। इसके कारण लोकतांत्रिक व्यवस्था में ओबीसी वर्ग की भागीदारी कमजोर है। त्रिस्तरीय पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम व नपं चुनाव 2024-25 के अध्यादेश व संशोधन अध्यादेश में अनुसूचित जाति जनजाति आरक्षण 50 प्रतिशत या अधिक होने पर ओबीसी आरक्षण न किए जाने का उल्लेख है, जो ओबीसी वर्ग के लिए विपरीत प्रभावकारी है। साथ ही हाईकोर्ट द्वारा सहायक ग्रेड 03 के पदों के लिए प्रारंभिक परीक्षा में ओबीसी वर्ग को 14 प्रतिशत में बांधकर स्क्रीनिंग में ओपन वर्ग में जाने से वंचित रखा गया है। 8 जनवरी को चर्च के सामने सभा का आयोजन किया गया। जहां संघ के सदस्यों ने सभी को संबोधित किया। इसके बाद तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संघ की प्रमुख मांगों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण कम न किया जाए, जाति जनगणना सुनिश्चित किया जाए, ओबीसी वर्ग को छत्तीसगढ़ में 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाए, बलौदाबाजार घटना में जेल में बंद निर्देशों को रिहा जाए सहित अन्य मांग शामिल है।


**कार्यालय मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला कोरबा छ.ग.**

क्रमांक/डी.एम.एफ.2024/190 कोरबा,दिनांक 07.01.2025

**सूचना**

**दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं अनंतिम मेरिट सूची प्रकाशन सूचना**

कार्यालयीन सूचना क्रमांक/डी.एम.एफ./2024/12113, कोरबा, दिनांक 06.12.2024 के द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला के पद की पात्र/अपात्र सूची प्रकाशन कर दिनांक 23.12.2024 को साय 5:00 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी। दावा अपत्ति निराकरण पश्चात् दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं अनंतिम मेरिट सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा कोरबा जिले के शासकीय वेबसाइट www.korba.gov.in में सर्व संबंधितों के अवलोकनार्थ एवं दावा आपत्ति हेतु अपलोड कर दिया गया है।

उपरोक्तानुसार अनंतिम मेरिट सूची के समस्त कॉलमों का उम्मीदवारों द्वारा सूक्ष्म अवलोकन कर दावा आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 14.01.2025 को सायं 5:00 बजे तक मय आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला कोरबा छ.ग.

जी-242505177/4



छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगों बांध संभाग क्र.3, माचाडोली**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 24.01.2025 समय 17.30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 163759 | 19/व.ले.लि./ 2024-2025 दिनांक 07.01.205 | मिनीमाता बांगो परियोजना अंतर्गत बांध में पुराने इरीगेशन स्लूस गेट अंतर्गत इमरजेंसी तथ सर्विस गेटों का ऑपरेटिंग सिस्टम सहित बदलकर नवीन गेटों का प्रतिस्थापन संबंधी कार्य तथा इन गेटों के संचालन हेतु गेन्ट्रीक्रेन स्थापना कार्य। | 426.82 | द्वितीय आमंत्रण |
| 163765 | 20/व.ले.लि./ 2024-2025 दिनांक 07.01.2025 | कोरबा जिले के मिनीमाता बांगो बांध परिक्षेत्र में स्थित आई.बी. (निरीक्षण गृह) का जीर्णोद्धार कार्य। | 274.92 | द्वितीय आमंत्रण |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 14.01.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।
नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
मिनीमाता बांगो बांध संभाग-3, माचाडोली
जिला- कोरबा (छ.ग.)

जी-242505184/7


## संकरी सड़क पर तेज रफ्तार पिकअप ने युवक को कुचल दिया, गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** जिले के लुंड्रा थाना अंतर्गत बहेराडीह इलाके में गागर नदी बांध के पास संकरी सड़क होने के बाद भी तेज रफ्तार में पिकअप चलाते हुए ड्राइवर ने एक युवक को कुचल दिया। हादसे के बाद ड्राइवर भोला उर्फ गुलाम बोस वहां से वाहन लेकर भाग गया। वाहन में सवार सभी लोग रफ्तार ज्यादा होने से सकते में रहे। पुलिस ने पिकअप के ड्राइवर को गिरफ्तार कर मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि पिकअप क्रमांक सीजी 15 डीएन 3518 का ड्राइवर कुछ लोगों को लेकर पिकनिक मनाने गागर बांध आया था। बांध के पास दूसरे लोग भी पिकनिक मना रहे थे।

इससे संकरी सड़क पर भीड़ थी। इसके बाद भी लौटते समय आलम साय तेज रफ्तार में पिकअप चलाते जा रहा था। इससे सड़क किनारे खड़ा आलम साय पिकअप की चपेट में आ गया और वह टक्कर से गिर गया। इसके बाद ड्राइवर आगे बढ़ते गया, जिससे आलम साय चक्के के नीचे आ गया। आसपास के लोगों ने आलम को अस्पताल भिजवाया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 105 के तहत केस दर्ज का ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

## लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी

**बाराद्वार।** बाराद्वार थाना प्रभारी अनवर अली ने बताया कि 6 जनवरी को ग्राम सलनी के मनोज कुमार चौहान ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उन्हें लोन दिलाने के नाम पर आरोपी ने 14 मार्च 2024 को आधारकार्ड, पैन कार्ड, फोटो लेकर भारत फाइनेंस से लोन दिलाने का झांसा दिया।

इसके बाद मनोज कुमार चौहान के नाम पर इंडसइंड बैंक से अकाउंट खुलवाकर आरोपी द्वारा एक लाख बीस हजार रुपए लोन कैंसिल होने की जानकारी देकर लोन रकम निकाल लिया। आरोपी ग्राम चंदेलदीह थाना मालखरौदा जिला सक्ती निवासी जितेश कुमार चंद्रा के विरूद्ध बाराद्वार पुलिस थाना में अपराध धारा 420, 34 के तहत कायम कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में क्षेत्र में हो रही लगातार धोखाधड़ी एवं अन्य आपराधिक कृत्य पर रोकथाम के लिए बाराद्वार पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी जितेश कुमार चंद्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी जितेश कुमार चंद्रा ने अब तक100 से अधिक ग्रामीणों व आम जनता के साथ लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर चुका है। बाराद्वार थाना के अलावा 420 के आरोपी जितेश कुमार चंद्रा के विरुद्ध पुलिस थाना मालखरौदा मे भी अपराध दर्ज है। वही इतने लोगो के साथ धोखाधडी करने में आरोपी जितेश कुमार चंद्रा के अलावा अन्य लोग भी जरूर इस रैकेट में शामिल होंगे। लेकिन पुलिस अब तक उन तक नहीं पहुंच पाई है। बैंक के अधिकारियों की भी भूमिका इस मामले में संदिग्ध है।

## दक्षिणेश्वर मां काली आश्रम में 90 लोगों ने ब्लड डोनेट किया

**जांजगीर।** महाकाली संगठन की ओर से तांत्रिकाचार्य ब्रह्मलीन चंद्रिका गुरुजी के प्राकट्य दिवस को दक्षिणेश्वर महाकाली आश्रम जांजगीर में रक्तदान शिविर के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि? विधायक व्यास कश्यप थे। शिविर में अवधेश राठौर, अखिलेश राठौर, पारुल, योगिता, शर्मिष्ठा, आराध्य, नीलकमल राय, अंकित अग्रवाल, किशन वर्मा सहित 90 लोगों ने रक्तदान किया।

अतिथियों ने सभी रक्त दाताओं को हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। महाकाली संगठन के संरक्षक सनत गुरुजी ने बताया कि चंद्रिका गुरुजी अपने निजी जीवन की परवाह किए बिना जीवन पर्यंत परोपकार की भावना के साथ सदैव जनसेवा में अग्रसर रहे। इस अवसर पर स्वामी सुरेंद्र नाथ, महाकाली संगठन के संस्थापक एवं संगठन प्रमुख डॉ. सार्थक राठौर, प्रदेशाध्यक्ष अभिलाष पुरी गोस्वामी, नपा अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल, कोर्स स्कायर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर शक्ति साहू, संतोष गुप्ता, रमेश पैगवार, शत्रुघ्न दास महंत, भाजपा नेत्री मंजूषा पाटले, लोकेश राठौर, यातायात प्रभारी प्रदीप जोशी, डॉ. आलोक मंगलम सहित नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## टीम को कई बोरियों में मिली अतिरिक्त धान

**जांजगीर चांपा।** अकलतरा ब्लाक के कोटगढ़ धान खरीदी केन्द्र में किसानों से अधिक धान लेने और अवैध वसूली की शिकायत संबंधी खबर प्रकाशित के उपरांत विभागीय अधिकारी हरकत में आए। जिला मुख्यालय से जांच टीम मौके पर पहुंची।



इस दौरान शिकायतकर्ता किसानों ने अपने बयान में जहां अवैध रूप से रुपए लेने की बात कही, तो वहीं मौके पर पूर्व में तौल किए गए धान का फिर से तौल कराया गया तो कई बोरियों में अधिक धान मिला। अफसरों ने पंचनामा तैयार कर उच्चाधिकारियों को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही है।

गौरतलब है कि अकलतरा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटगढ़ में किसानों से निर्धारित मात्रा से एक-डेढ़ किलो धान अतिरिक्त लेने तथा तौल पत्रक देने के समय अवैध रूप से धान अथवा राशि लेने की शिकायत जिला प्रशासन से की गई थी। तत्संबंध में हरिभूमि द्वारा बुधवार 8 जनवरी के अंक में पसीने की कमाई में डाका, हर तौल में एक किलो जिंदा शीर्षक से समाचार प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया। खबर प्रकाशित के उपरांत विभागीय अधिकारी हरकत में आए। दूसरे ही दिन सहकारिता विस्तार अधिकारी के नेतृत्व में जांच टीम खरीदी केन्द्र कोटगढ़ पहुंची। वहां केन्द्र प्रभारी व आपरेटर के साथ किसानों की उपस्थिति में तौले गए बोरियों का फिर से तौल कराया गया। जिसमें अधिक धान मिला। इसके अलावा किसानों के बयान लिए गए।

## अनमोल वचन......

कौन-सी चीज अधिक महत्वपूर्ण है आपका जीवन स्तर या उचित आदर्शों वाला जीवन

# बीमा कवरेज से लोग वंचित

विरोधाभास यह है कि बीमा कवरेज घटने के बावजूद प्रीमियम से बीमा कंपनियों की आय बढ़ती चली गई है। ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि 2022-23 में भारत में प्रति व्यक्ति औसत प्रीमियम 92 डॉलर था, जो 2023-24 में 95 डॉलर हो गया। भारत में वैसे भी आबादी का बेहद छोटा हिस्सा बीमा कवरेज में रहा है। समय गुजरने के साथ इस कवरेज का साया सिकुड़ता ही जा रहा है। बीमा विनियमन एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) की 2023-24 के बारे में जारी ताजा रिपोर्ट से सामने आया है कि उपरोक्त वित्त वर्ष में बीमा कवरेज में 3.7 फीसदी गिरावट आई। यानी इसके पहले वाले वित्त वर्ष में जिन लोगों ने बीमा करा रखा था, उनमें 3.7 प्रतिशत इसकी सुरक्षा से बाहर हो गए। इसके बाद देश की सिर्फ 2.8 फीसदी आबादी बीमा कवरेज में रह गई है। जानकारों के मुताबिक इसका कारण प्रीमियम दरों में हुई असाधारण बढ़ोतरी है। आम तजुर्बा है कि कोरोना काल के बाद चाहे जीवन बीमा हो या मेडिकल बीमा- उनकी प्रीमियम रकम में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। ताजा रिपोर्ट बताती है कि 2022-23 में जीवन बीमा कंपनियों ने प्रीमियम में छह प्रतिशत बढ़ोतरी की। तो जाहिर है, जो लोग और ऊंची प्रीमियम चुकाने में सक्षम नहीं थे, उन्होंने अपनी पॉलिसी बीच में ही छोड़ दी। जबकि 2022-23 में भी उसके पहले वाले वित्त साल की तुलना में बीमा कवरेज घटा था। विरोधाभास यह है कि बीमा कवरेज घटने के बावजूद प्रीमियम से बीमा कंपनियों की आय बढ़ती चली गई है। ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि 2022-23 में भारत में प्रति व्यक्ति औसत प्रीमियम 92 डॉलर था, जो 2023-24 में 95 डॉलर हो गया। इस तरह प्रीमियम से जीवन बीमा कंपनियों की आय में 6.06 प्रतिशत वृद्धि हुई। ये रकम 8.30 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई। चूंकि हर प्रीमियम पर सरकार भी 18 फीसदी जीएसी वसूलती है, इसलिए प्रीमियम बढने् के साथ सरकार की टैक्स वसूली भी बढ़ती जाती है। तो कंपनियां और सरकार दोनों फायदे में हैं। नुकसान में सिर्फ उपभोक्ता हैं। जिस देश में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का पहले से अभाव हो और स्वास्थ्य सेवाएं उत्तरोत्तर निजी क्षेत्र के हाथ में जा रही हों, वहां बीमा कवरेज से लोगों का वंचित होना कितनी बड़ी चिंता की बात है, आसानी से समझा जा सकता है। मगर नीति निर्माता इसे समझने को तैयार हैं, इसके कोई संकेत नहीं हैं।

## राशिफल

मेष राशिः आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। जॉब कर रहे लोगों को आज दिए गए काम को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे आज एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा।

वृष राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार में सामान्य रूप से लाभ बना रहेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोडा अधिक मेहनत करने की जरुरत है। आज छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा, इससे आपका उत्साह बढेगा।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरुरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा ।

कर्क राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा । खास रिश्तेदार आज आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। आज आपको वाहन चलाते समय खास सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

सिंह राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर किसी भी धार्मिक स्थल पर अपना समय बिताएंगे। आज यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज आप अपने खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे।

तुला राशिः आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। रोजमर्रा की जिंदगी में... आज कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। बड़े-बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिल सकते हैं.. अपनी पुरानी यादों को लेकर आपस में चर्चा करेंगे। जरूरतमंद को भोजन कराने से आपको सुकून मिलेगा।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में.. आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। करियर में आपको गुरुजन का मार्गदर्शन मिलने से आसानी होगी.. आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आज आपका कॉन्फिडेंस ही आपके काम को पूरा करने में मदद करेगा।

धनु राशिः आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे, जिससे रिश्तों में मिठास आयेगी। आज आपको सामाजिक स्तर पर लोगों की मदद के लिए मौका मिल सकता है, आपका रुतबा बढ़ेगा। इस राशि के मीडिया कर्मचारियों को काम करने के बढ़िया मौके मिलने वाले हैं।

मकर राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बने रहने से खुशियां बढ़ेंगी। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त- दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को लक्ष्य पाने के लिए शिक्षकों का पूरा मार्गदर्शन मिलेगा। आज आपके काम करने की कला से लोग प्रभावित होंगे।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा। आज आपको कामों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपका ख़ास काम करीबी दोस्त की सहायता से पूरा हो जायेगा। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा। छात्र अपना अधिकतर समय इधर-उधर व सोशल मीडिया में बिताएंगे।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख मिलने के योग हैं। आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलने से आपको खुशी होगी।

# नगरी सिहावा के सीतानदी वनांचल में बिखरा है अलौकिक प्राकृतिक सौंदर्य

//विमल शंकर झा//

**भारत का ह्दयस्थल छत्तीसगढ़ धान का कटोरा ही नहीं बल्कि सुरम्य पर्वत श्रृंखलाओं और हरितिमा से आच्छादित प्राकृतिक संपदाओं और रहस्यमयी पुरा सौंदर्य को अपने आप में समेटे हुए हैं। पुण्यसलिला चित्रोत्पला महानदी के उद्गम सिहावा नगरी से लगे प्रकृति की गोद में बसे सोंढूर और आसपास के वनांचल में झरते खूबसूरत झरने, कंदराएं, दुर्लभ वनौषधियो, पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों और अभयारण्य के लिए प्रसिद्ध है। लोगों को यह जानकर गर्व होगा कि सप्तऋषियों में छग में भांजे के रुप में श्रद्धेय भगवान राम के जन्म से जुड़े पुत्रेष्टि यज्ञ के पुरोहित ऋंगि ऋषि सहित 4 ऋषियों के पावन आश्रम और विश्वप्रसिद्ध पायलीखंड का हीरा खदान भी इसी प्रसिद्ध वनांचल में हैं।**

प्राकृतिक छटा और पुरातात्विक महत्ता से लबरेज सीता नदी वन क्षेत्र से सोंढूर तक फैले ऐसे तमाम ऐतिहासिक, सामाजिक, लोक सांस्कृतिक और धार्मिक क्षेत्र से जुड़े नामचीन और गुमनाम स्थलों और रहस्यों को भिलाई के वरिष्ठ साहित्यकार और सेवानिवृत्त व्याख्यात इन्दुशंकर मनु ने अपने यायावरी अनुभव से नई दृष्टि दी है। सर्वप्रिय प्रकाशन से प्रकाशित उनकी सद्य प्रकाशित शोधपरक संस्मरणात्मक किताब सोंढूर डायरी में इस वनांचल के मांदागिरी पर्वत से लेकर रक्साहाड़ा जीवाश्म तक कई ओझल प्रसंगों व स्थलों को तथ्यपरक ढंग से रोचक शैली में सामने लाने की कोशिश की गई है। यह साहित्यप्रेमियों के साथ शोध छात्रों के लिए भी एक उपहार हैं। सोंढूर के निकट सीता नदी अभयारण्य की पहाड़ियों पर सप्तऋषियों में चार ऋषियों ऋंगी ऋषि(सिहावा पर्वत), अंगिरा (घटुला गिरी), मुचकुंद (धवल गिरी) और गौतम ऋषि (मादागिरी) के आश्रम हैं। बाकी 3 ऋषि की तपोभूमि अमरकंटक पर्वत पर हैं। छग की जीवनरेखा मानू जाने वाली महानदी और पौराणिक चित्रोत्पला का उद्गम ऋ ऋषि पर्वत ही है। नगरी के समीप अगस्त्य का आश्रम है,जिन्होंने बढ़ते हुए विंध्याचल पर्वत को रोकने अपने दक्षिण भारत की यात्रा से वापस आने तक यथा स्थिति रहने का आदेश दिया था। आश्रम में उनसे शापित पत्नी अहिल्या की अवसादग्रस्त पाषाण प्रतिमा निर्जन गुफा में उपेक्षित पड़ी है । सीतानदी की पहाड़ियों पर वर्षों पूर्व आदिमानवों का निवास माना जाता है। कालांतर में राजाओं ने राजधानी के किले बनाए, जिनके भगनावशेष अभी भी बिखरे पड़े हैं। किताब के लेखक इंदुशंकर मनु बताते हैं कि सिहावा से निकलने वाली महानदी (चित्रोत्पला, नीलोत्पला, महानंदा) और घटुला पहाड़ी से निकली सीतानदी के किनारे मानव सभ्यता का विकास हुआ। सीतानदी वन क्षेत्र नीलांचल नाम से जाना जाता है और लिलांज नदी व ग्राम भी नीलांचल शब्द को उद्घाटित करता है। घटुला ऋषि गुफा के निकट गढड़ोंगरी में बिखरे द्रविण मूर्तियों के अवशेष पुरामहत्व के हैं। सर्प शिल्पकला से बना पवित्र जलकुंड वाला प्रसिद्ध कर्णेश्वर मंदिर प्रसिद्ध है। वहीं सघन मादागिरी चट्टान परछोटे, छोटे कुंड अभी भी दिखाई देते हैं,जिनमें कभी आदि मानव कंदमूल व अनाज कूटा करते थे। यहां के पत्थरों का उपयोग मूर्तियां व स्तंभ बनाने किया जाता था । किताब में बतौर जनश्रुति श्री मनु ने रहस्योदघाटन किया है कि मनोरम मादागिरी शिखर पर आश्चर्यजनक रुप से विशालकाय बेलनाकार पर्वत एक छोटे से पत्थर पर टिका है। पांडवों के वनवासकाल में किसी राक्षस के विनाश के लिए महाबली भीम ने इसे फंदे के रुप में उपयोग किया था । जलप्रपात के किनारे मारे गए राक्षस की हड्डियां (जीवाश्म) को शिकारियों और तस्करों के मटियामेट करने के बाद भी भगनावशेष हैं, जिसे पुराशोध के लिए रविशंकर विवि रायपुर के भी ध्यानाकर्षण में लाया गया था। दानव की हडिडयों के ढेर के कारण ही इस बस्ती का नाम रक्शापथरा व रक्साहाड़ा रखा गया है। निकट ही सालवनों के बीच से रामवन गमन पथ गुजरता है । प्रकृति की गोद में बसा पुराग्राम सोंढूर इतिहास और लोक जीवन के कई रहस्यों को समाहित किए हुए हैं। महानदी में पैरी और सोंढूर नदी के संगम स्थल पर स्वर्णकणों तथा कालनेमी के स्वर्ण मृग के मिथक से गांव का नाम सोंढूर पड़ा। अंचल का जीवनदायी रमणीक सोंढूर बांध यहीं बना हुआ है । पहले मुचकुंद ऋषि के नाम पर गांव का नाम मेचका था,जो कालांतर में अपभ्रंस होकर सोंढूर हो गया। श्री मनु बताते हैं कि देवासुर संग्राम में संपत्ति वितरण के समय राजा से ऋषि बने मुचकुंद के युद्ध की हिंसा के अपराध से मुक्त होने तपस्या के लिए निर्जन स्थल के आग्रह पर देवों ने सोंढूर (धवलगिरी पर्वत गुफा) में तप करने की सलाह दी। रणछोड़ कृष्ण व कालयवन के युद्ध के दौरान कृष्ण का पीछा करता कालयवन जब धवलगिरी गुफा में जा पहुंचा तो उन्होंने चालाकी से तपस्यारत मुचकुंद को अपनी पीतांबरी ओढ़ा दी। राक्षस के इसे कृष्ण समझ फेकने पर तपस्या भंग होने से क्रोधित ऋषि ने उसे अगनिदृष्टि से भस्म कर दिया था। अभी भी गुफा में कालमेघ नामक झाडियां पाई जाती हैं,जिसे आयुर्वेद औषधी के रुप में आदिवासी उपयोग करते हैं। पहाड़ी पर बने परकोटे को हाथीसार के नाम से जाना जाता है। यहां का एक रोचक मिथ यह भी है कि कांकेर के राजा कर्णदेव की रानी कर्णावती के रुप पर सम्मोहित बस्तर के नरेश के कई बार आक्रमण से डरकर कर्णदेव ने सोंढूर को अपनी राजधानी बना पहाड़ी के शिखर पर अपना किलानुमा आवास बना लिया । चार दिशाओं में सुरक्षा के लिए मेचका में मांझी, अरसीकन्हार-मरकाम, खालगढ़-मुरिया व बरपदर गांव में धुर्वा नामक नियुक्त 4 सावंतों में से धुर्वा को राजा बनाने का लालच देकर बस्तर नरेश ने कर्णदेव की हत्या का षडयंत्र रजा। बरपदर के नरभक्षी शेर के शिकार के बहाने जंगल में कर्णदेव की हत्या से दुखी रानी कर्णावती पहाड़ी में राजा की लाश रख अपने पुत्र को मारने के बाद चिता में जलकर खुद सती हो गई । आज भी रानी के विलाप और आदेश पर बरपदर का सामंत घराना बतौर प्रायश्चित उपवास बाद हथियार खालगढ़ लाकर पूजा करता है। और दोनों के स्मारक भगवान्वेश के रुप में यहां हैं। सत्ती चट्टान को रानीचौरा के नाम से जाना जाता है और राजा के संदेशसूचक व जंगरहित लौह नगाड़ों में से एक नगाड़ा पेड़ों की जड़ों से लिपटा हुआ है।

सीता नदी अभयारण्य क्षेत्र के सोंढूर में 7 सुंदर पहाडि़यों के समूह वाला कोरिया के सफेद फूलों से लदा और आकर्षक जलप्रपात से सजे सूर्यपाट के साथ चमकने वाला अनूठा महुआ पेड़ को भी यहां गुरुजी के रुप में जाने जाने वाले इंदुशंकर मनु ने नई रोशनी दी। सूर्यपाट की विशेष 7 पहाड़ियों में कोई बाघगुफा, सर्फ गुफा तो कोई ऋषियों की माता रिसाई झरना व कोई उच्च समभूमि गुफा है। यहां दलदली में प्राचीन विलुप्तप्राय प्रजाति की धान उगाई जाती है। तंबाई चट्टानों के झरने के चहुंओर कोरिया के सघन फूलों से स्वर्गिक नजारा होता है। सोंढूर से 6 किमी दूर देवभोग मार्ग पर सीझी डालियों वाला रहस्यमयी महुए का पेड़ है,जो बारिश थमने पर चमकता है। चमत्कारिक पेड़ पर स्फूरदीप्ति नामक बोर्ड टंगा है। चमक की वजह पेड़ के नीचे फास्फोरस या किसी प्रदीप्त खनिज भंडार की संभावना भी लोग व्यक्त करते हैं। यहां की नैसर्गिग छटा से प्रेरित होकर कथाकार लोकबाबू ने दिगंबर कहानी, मनोज रुपड़ा ने काला अध्याय उपन्यास, चित्रकार हरिसेन ने कलाकृति व सियाराम शर्मा, विजय वर्तमान तथा ऋषि गजपाल ने भी रचनाएं रचीं। सोंढूर की रमणीयता सें प्रभावित होकर 90 के दशक से इसे दूसरा घर मानने वाले भिलाई के रिटायर व्याख्याता व साहित्यकार प्रकृतिप्रेमी 80 वर्षीय इंदुशंकर मनु गहरे से जुड़े हुए हैं। वे गांव के कचरु बाबा, दाई, माई व उनकी गोद ली बेटी राम्हीन की 5 बेटियों केएक आदिवासी परिवार को बतौर गोद लेकर उनकी वर्षों से मदद करने के कारण गांव में लोकप्रिय हैं। श्री मनु बताते हैं कि 35 साल से जिस मनोरम सोंढूर के सीता नदी व उदंती क्षेत्र के प्राकृतिक वैभव का साक्षात्कार कर रहे थे,उसे एक शोधपरक पुस्तकाकार में देखकर दिली सुकून मिल रहा है। इस वनांचल रोमांचकारी अनुभव अद्भुत और प्रेरक है।

# विकसित भारत बनाने की यात्रा आगे बढ़ेगी

//एस. सुनील//

**विधायी कामकाज के दृष्टिकोण से वर्ष 2025 बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है। यह एक बड़े चुनावी वर्ष यानी सुपर इलेक्शन ईयर के बाद का साल है।ज् केंद्र और राज्य सरकारों को एक बड़ा अंतराल विधायी और प्रशासनिक कार्यों के लिए मिल रहा है। ऐसी संभावना है कि इस अवधि में अनेक लम्बित विधायी कार्यों का निपटारा किया जाएगा। संसद में दो विधेयक संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी के समक्ष हैं। जेपीसी वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव के लिए लाए गए विधेयक पर विचार कर रही है दूसरी जेपीसी बनी एक देश, एक चुनाव' के महत्वाकांक्षी कानून पर विचार करेगी।**

नव वर्ष 2025 की संभावनाओं का आकलन कई पहलुओं से किया जा रहा है। हर व्यक्ति के मन में यह सवाल उठ रहा है कि 2025 में भारत कैसा होगा। भारत की अर्थव्यवस्था कैसी होगी? राजनीति के क्षेत्र क्या गतिविधियां होंगी। कौन कौन से विधायी कार्य लम्बित हैं, जिन्हें पूरा किया जाएगा। विपक्ष क्या वैसे ही राजनीति करता रहेगा, जैसे अभी कर रहा है। सनातनधर्मियों की ओर से सभ्यतागत न्याय सुनिश्चित करने के लिए जो पहल की जा रही है क्या वह जारी रह पाएगी। 12 वर्षों के बाद हो रहे महाकुंभ का क्या संदेश देशवासियों के लिए होगा। वैश्विक पटल पर भारत की क्या स्थिति होगी। विश्व में युद्ध और तनाव का जो दौर चल रहा है वह 140 करोड़ भारतवासियों को कैसे प्रभावित करेगा और आम नागरिक का जीवन कैसा होगा। इनके अलावा भी निश्चित रूप से कुछ और प्रश्न होंगे, जिनके उत्तर की खोज किसी न किसी रूप में हो रही होगी।

इन समस्त प्रश्नों के बीच अगर एक वाक्य में 2025 की संभावनाओं का आकलन बताना हो तो कहा जा सकता है कि नव वर्ष सांगठनिक, विधायी और आर्थिक उपलब्धियों का वर्ष होगा। जब हम संगठन की बात करते हैं तो उसमें तमाम राजनीतिक दलों और सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक संगठन आ जाते हैं। यह वर्ष राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ का शताब्दी वर्ष है। संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। संघ एक सांस्कृतिक संगठन है, जिसने पिछले एक सौ साल में भारत की संस्कृति और धर्म के रक्षण का कार्य कुशलतापूर्वक किया है। 12 वर्ष के बाद महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में हो रहा है, जहां देश के तमाम धार्मिक संगठन और अखाड़े एकत्र हो रहे हैं। सनातन धर्म से जुड़े समस्त संगठनों के लिए कोई नया दिशा निर्देश महाकुंभ से निकलेगा, ऐसी संभावना जताई जा रही है। राजनीतिक दलों की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी को नया अध्यक्ष मिलना है। अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री के लक्ष्मण की अध्यक्षता वाली कमेटी चुनावी प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने कर्नाटक के बेलगावी में कार्य समिति की विशेष बैठक में संकेत दिया कि संगठन में इस वर्ष बदलाव किए जाएंगे।विधायी कामकाज के दृष्टिकोण से वर्ष 2025 बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है। यह एक बड़े चुनावी वर्ष यानी सुपर इलेक्शन ईयर के बाद का साल है। पिछले साल यानी 2024 में पूरे साल चुनाव होते रहे थे। पहले लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए और उसके बाद चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए। यानी 2024 लोकसभा और आठ राज्यों के चुनाव का वर्ष था। वह सिर्फ भारत के लिए बड़ा चुनावी वर्ष नहीं था। दुनिया के महाशक्ति देशों में भी पिछले वर्ष चुनाव हुए। अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव हुआ तो ब्रिटेन और फ्रांस में संसद का चुनाव हुआ। कह सकते हैं कि 2024 में पूरा विश्व ही चुनाव में व्यस्त रहा था। नव वर्ष 2025 में भारत में सिर्फ दो राज्यों के चुनाव हैं। साल के आरंभ में दिल्ली का विधानसभा चुनाव है और वर्ष के अंत में बिहार का चुनाव है। इसके बीच केंद्र और राज्य सरकारों को एक बड़ा अंतराल विधायी और प्रशासनिक कार्यों के लिए मिल रहा है।ऐसी संभावना है कि इस अवधि में अनेक लम्बित विधायी कार्यों का निपटारा किया जाएगा। संसद में दो विधेयक संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी के समक्ष हैं। श्री जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली जेपीसी वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव के लिए लाए गए विधेयक पर विचार कर रही है तो श्री पीपी चौधरी की अध्यक्षता में एक नई जेपीसी बनी है, जो एक देश, एक चुनाव' के महत्वाकांक्षी कानून के लिए लाए गए विधेयक पर विचार करेगी। इस जेपीसी का स्वरूप सामान्य से बड़ा है। इसमें 39 सदस्यों को रखा गया है। राष्ट्रीय हित के दृष्टिकोण से ये दोनों विधेयक बहुत अहम हैं। ध्यान रहे वर्तमान वक्फ बोर्ड कानून अनेक संवैधानिक प्रावधानों और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विपरीत है। यह एक समुदाय विशेष का तुष्टिकरण करने वाला कानून है। इसलिए उसे तर्कसंगत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। परंतु विपक्षी पार्टियों की तुष्टिकरण की राजनीति की वजह से उस प्रक्रिया में देरी हो रही है। इसके बावजूद उम्मीद की जा रही है कि वर्ष 2025 में इस कानून में संशोधन हो जाएगा।

ऐसे ही एक देश, एक चुनाव' का विधेयक राष्ट्र की एकता, अखंडता के साथ साथ प्रशासनिक कुशलता और खर्च में कटौती के लिए भी आवश्यक है। इसे पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की अनुशंसाओं के आधार पर तैयार किया गया है। देश की ज्यादातर पार्टियां इसका समर्थन करती हैं। परंतु विपक्षी पार्टियां इसका विरोध कर रही हैं और इसके रास्ते में बाधा डाल रही हैं। उनको लग रहा है कि उनकी जोड़तोड़ की राजनीति इससे कमजोर होगी। धर्म, जाति और क्षेत्र के आधार पर विभाजन कराने की उनकी राजनीति इससे विफल हो जाएगी और तुष्टिकरण की राजनीति पर पूर्णविराम लग जाएगा। सरकार इस कानून को लेकर प्रतिबद्ध है। परंतु साथ ही वह चाहती है यह कानून सबकी सहमति से अस्तित्व में आए। इसलिए उसने विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति में भेजा और लगभग सभी महत्वपूर्ण पार्टियों के सांसदों को उसमें जगह दी। संयुक्त संसदीय समिति सभी पार्टियों के साथ साथ चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी संबंधित पक्षों से विचार विमर्श करेगी और साथ ही आम नागरिकों से भी राय लेगी। उसके बाद यह विधेयक संसद में पेश किया जाएगा। उम्मीद करनी चाहिए कि नव वर्ष 2025 में यह विधेयक पास होकर कानून बनेगा। इसके साथ ही इस वर्ष जनगणना का कार्य शुरू होना है और उसके बाद परिसीमन के साथ महिला आरक्षण लागू करने का मार्ग प्रशस्त होना है।

पिछले कुछ दिनों में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने दो अहम बातें कहीं। उन्होंने दिसंबर में शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में संविधान पर चर्चा के दौरान कहा कि भाजपा शासित सभी राज्यों में समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी का कानून बनेगा। उन्होंने कहा कि जैसे उत्तराखंड ने कानून बनाया है वैसा ही कानून सभी भाजपा शासित राज्य बनाएंगे।

उन्होंने दूसरी अहम बात नए साल के दूसरे दिन कही। कश्मीर पर लिखी एक पुस्तक के विमोचन के कार्यक्रम में उन्होंने कश्मीर को लेकर बड़ी बात कही है। श्री अमित शाह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को लेकर इशारों में कहा कि जो हमने गंवाया था उसे वापस हासिल करेंगे। यह बहुत बड़ी बात है। यह हर भारतीय की कामना है कि दो टुकड़ों में बंट गया कश्मीर एक हो और भारत ने जो हिस्सा गंवाया था उसे हासिल किया जाए। आम भारतीय के दिल की इस कामना को श्री अमित शाह ने आवाज दी है। इसलिए नए साल में देश के अनेक राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू होने और जम्मू कश्मीर में बड़े बदलाव की संभावना दिख रही है।

## तस्वीरों की दुनिया



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान लोगों से बातचीत की और छपरा में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशाखापतनम पहुंचने पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने गर्मजोशी से स्वागत किया।




दिल्ली भाजपा कार्यालय में राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा की मौजूदगी में आप नेता भाजपा में शामिल हुए।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, खेल मंत्री विश्वास सारंग के साथ भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में खेल एवं कल्याण विभाग द्वारा आयोजित युवा महोत्सव कार्यक्रम के दौरान तस्वीर लेते हुए।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बालोद जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और भूमिपूजन किया।



श्रीनगर में हज़रतबल दरगाह के पास दुकानों वाले एक व्यावसायिक परिसर में आग लग गई। फिलहाल अग्निशमन अभियान जारी है।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल के राजभवन में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल से मुलाकात की।

# तिरुपति मंदिर में भगदड़, छह की मौत और 40 घायल, पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने जताया दुख

**हैदराबाद, 09 जनवरी [एजेंसी]।**

आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध तिरूपति मंदिर में बुधवार को भगदड़ मचने से अब तक छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह घटना तिरुमाला में भगवान वेंकटेश्वर मंदिर के वैकुंठ द्वार दर्शन के लिए टोकन वितरण के दौरान हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना तिरुपति विष्णु निवासम में हुई जहां टोकन बांटे जा रहे थे। मृतकों में तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं।एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात तिरुमाला हिल्स पर भगदड़ में तीन महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई। इस बीच, कुछ महिला श्रद्धालुओं और घायल व्यक्तियों को एंबुलेंस में ले जाते हुए पुलिस द्वारा सीपीआर दिए जाने के वीडियो वायरल हो गए।तेलंगाना टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, मृतकों में से एक की पहचान मल्लिका के रूप में हुई है, जो कथित तौर पर तमिलनाडु की रहने वाली है। इस बीच, घायल लोगों को इलाज के लिए तिरूपति रूया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 10 जनवरी से शुरू होने वाले 10 दिवसीय वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए देश भर से सैकड़ों भक्त आए।पीएम मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश के तिरूपति में भगदड़ से आहत हूं। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द ठीक हो जाएं। आंध्र प्रदेश सरकार प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है।आंध्र प्रदेश सीएमओ ने अपने बयान में कहा कि



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने तिरुमाला श्रीवारी वैकुंठ द्वार में दर्शन टोकन के लिए तिरुपति में विष्णु निवासम के पास हुई भगदड़ में 4 श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि तिरूपति में हुई दुखद भगदड़ अत्यंत दुखद है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मैं कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से इस कठिन समय में हर संभव सहायता प्रदान करने का आग्रह करता हूं।सीएम ऑफिस ने अपने बयान में कहा कि मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना में घायलों को दिए जा रहे उपचार के बारे में अधिकारियों से फोन पर बात की। मुख्यमंत्री ने उच्च अधिकारियों को घटनास्थल पर जाकर राहत उपाय करने के आदेश दिए हैं ताकि घायलों को बेहतर उपचार मिल सके। आंध्र प्रदेश के तिरूपति के श्री वेंकटेश्वर रामनारायण रुइया सरकारी जनरल अस्पताल के बाहर काफी भीड़ लग गई है। तिरूपति के विष्णु निवासम में हुई भगदड़ के घायल लोग यहीं भर्ती किए गए हैं। मृतक मल्लिका के पति का कहना है कि जब मेरी पत्नी और अन्य लोग वैकुंठ द्वार दर्शन टिकट प्राप्त करने की कोशिश कर रहे थे, तो भगदड़ मच गई, जिसके परिणामस्वरूप उनकी मृत्यु हो गई।

मैंने अपने रिश्तेदारों को सूचित कर दिया है और वे रास्ते में हैं। तिरूपति मंदिर में भगदड़ को लेकर टीटीडी (तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम) के अध्यक्ष बीआर नायडू का कहना है कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, छह तीर्थयात्रियों की जान चली गई। अब तक, केवल एक तीर्थयात्री की पहचान की गई है, जबकि अन्य की पहचान की जानी बाकी है। एन मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू घटना को लेकर बहुत गंभीर हैं और टेलीकांफ्रेंस के दौरान अधिकारियों के प्रबंधन पर असंतोष जताया है। मुख्यमंत्री कल सुबह 11.45 बजे मृतकों के परिवारों से मुलाकात करेंगे। सीएम ने चेतावनी दी है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए और इस मुद्दे पर अपडेट की बारीकी से निगरानी कर रहा है।

## यूक्रेन के जापोरिज्जिया शहर पर रूस का हवाई हमला, 13 लोगों की मौत, सड़क पर बिखरे शव



**कीव, 09 जनवरी [एजेंसी]।**

रूस ने बुधवार को यूक्रेन के दक्षिण-पूर्वी शहर जापोरिज्जिया पर हवाई हमले किए। इस हमले में कम से कम 13 लोग मारे गए और 63 घायल हो गए। विस्फोट से घायल निवासियों के साथ-साथ सड़क पर शव बिखरे पड़े थे। अधिकारियों ने कहा कि हमले वाली जगह पर बचाव कार्य पूरा हो चुका है। यूक्रेन के अभियोजक जनरल कार्यालय ने टेलीग्राम पर कहा कि एक औद्योगिक सुविधा और अन्य बुनियादी ढांचे के साथ ऊंचे अपार्टमेंट ब्लॉक क्षतिग्रस्त हो गए। इसमें बताया गया कि मलबे ने एक ट्रॉम और एक बस को चपेट में ले लिया जिसमें यात्री सवार थे। जैसे ही आपातकालीन कर्मचारियों ने एक व्यक्ति को पुनर्जीवित करने की कोशिश की, पृष्ठभूमि में आग की तेज लपटें, धुआं और जली हुई कारें देखी जा सकती थीं।यूक्रेन ने रूस के अंदर एंगेल्स शहर में एक तेल डिपो पर हमला बोला। यह रूसी परमाणु बमवर्षक विमानों के लिए ईंधन की आपूर्ति करता था। हमले के बाद डिपो में भीषण आग लग गई। यह हमला इस मामले में महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि यूक्रेन का दावा है कि इसके लिए स्वदेशी हथियार का इस्तेमाल किया गया है। रूसी अधिकारियों ने क्षेत्र में बड़े ड्रोन हमले को स्वीकार किया है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने कहा कि सीमा से लगभग 600 किलोमीटर पूर्व में रूस के सेराटोव क्षेत्र में एंगेल्स के पास तेल डिपो स्थित है। यूक्रेनी सेना ने क्रिस्टल तेल डिपो में कई विस्फोटों की सूचना दी। एंगेल्स वोल्गा नदी के बाएं किनारे पर स्थित है। यूक्रेनी राष्ट्रपति के सलाहकार आलेक्जेंडर कामिशिन ने यह संकेत देने के लिए हैशटैग मेड इन यूक्रेन का इस्तेमाल किया कि हमले में इस्तेमाल हथियार पश्चिम द्वारा आपूर्ति नहीं किए गए थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पिछले साल कहा था कि उनके देश ने ऐसा हथियार विकसित किया है, जो 700 किलोमीटर दूर लक्ष्य पर हमला कर सकता है।

## मोटर दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस इलाज की नीति बनाए केंद्र, सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया निर्देश

**नई दिल्ली।** एक ऐतिहासिक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को मोटर दुर्घटना पीड़ितों के लिए जल्द से जल्द गोल्डन आवर में कैशलेस इलाज की योजना बनाने का निर्देश दिया है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा-2(12-ए) के तहत गोल्डन आवर घायल होने के बाद एक घंटे की अवधि को कहते हैं जिसमें इलाज मिलने से मृत्यु रोकी जा सकती है।जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस अगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने बुधवार को मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 162(2) का हवाला दिया और सरकार को 14 मार्च तक योजना बनाने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि इसके बाद और समय नहीं दिया जाएगा।अदालत ने योजना की एक प्रति 21 मार्च से पहले रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश दिया, साथ ही सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का संबंधित अधिकारी हलफनामा दाखिल करे जिसमें योजना के कार्यान्वयन के तरीका बताया गया हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, परिभाषा से देखा जा सकता है कि मोटर दुर्घटना में चोट के बाद का एक घंटा सबसे महत्वपूर्ण होता है। कई मामलों में अगर गोल्डन आवर में जरूरी इलाज नहीं दिया जाए तो घायल व्यक्ति जान गंवा सकता है। मोटर दुर्घटनाएं बढ़ने के वर्तमान परिदृश्य में धारा-162 महत्वपूर्ण है।

## ममता बनर्जी ने उम्र को लेकर किया बड़ा खुलासा, बोलीं- मैं 65 वर्ष की हूं, 70 की नहीं

**कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री व टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि उनकी वर्तमान आयु 65 वर्ष है मगर आधिकारिक रिकॉर्ड में इसका उल्लेख नहीं है। रिकॉर्ड के मुताबिक बनर्जी का जन्म पांच जनवरी, 1955 को हुआ था, जिसके अनुसार उनकी वर्तमान उम्र 70 वर्ष है।बता दें कि पिछले रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तक ने इंटरनेट मीडिया पर ममता को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी थीं। कोलकाता में राज्य सरकार द्वारा आयोजित समारोह में जन्म तारीख का मुद्दा उठने पर मुख्यमंत्री ने बताया कि स्थानीय स्कूल में उनके नामांकन के दौरान उनके पिता ने जल्दबाजी में उनके जन्म के वर्ष को पांच वर्ष बढ़ा दिया था। उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी।स्नातक की पढ़ाई के दिनों में उनके बड़े भाई अजीत बनर्जी ने इस बारे में उन्हें बताया था। प्रमाणपत्र के अनुसार बड़े भाई और उनके बीच आयु का अंतर सिर्फ छह वर्ष है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपना नाम ममता भी पसंद नहीं है लेकिन हम सभी को उस नाम और पदवी को स्वीकार करना होगा जो हमें विरासत में मिली है।अभिषेक ने कहा था-राजनीति में सेवानिवृत्ति की उम्र 65 से अधिक नहीं होनी चाहिए गौरतलब है कि तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी का मानना है कि सभी सेवाओं की तरह राजनीति में भी सेवानिवृत्ति की उम्र होनी चाहिए। वह उम्र कभी भी 65 से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## बांग्लादेश ने शेख हसीना का पासपोर्ट रद किया तो भारत ने बढ़ाया वीजा, अब क्या चाल चलेगी यूनुस सरकार

**नईदिल्ली, 09 जनवरी [एजेंसी]।**

भारत ने बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के वीजा की अवधि को बढ़ा दिया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब बांग्लादेश उनके प्रत्यर्पण की मांग कर रही है। वहां की अंतरिम सरकार ने उनका पासपोर्ट रद कर दिया है।बांग्लादेश के ट्रिब्यूनल ने हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया है। बता दें कि बांग्लादेश में हिंसक छात्र आंदोलन के चलते गत पांच अगस्त को हसीना की अगुआई वाली अवामी लीग सरकार का पतन हो गया था। तब से वह भारत में ही रह रही हैं।सूत्रों के अनुसार, भारत ने बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना का वीजा बढ़ा दिया है। उनके प्रवास को सुविधाजनक बनाने के लिए यह तकनीकी विस्तार है। उन्होंने यह भी दावा




किया कि हसीना को शरण नहीं दी गई है। जबकि एक सूत्र ने इस बात की पुष्टि की है कि वह कड़ी सुरक्षा के बीच दिल्ली में एक सुरक्षित मकान में रह रही हैं।बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस की अगुआई वाली अंतरिम सरकार ने गत 23 दिसंबर को हसीना के प्रत्यर्पण के लिए औपचारिक मांग की थी। बांग्लादेशी अधिकारियों ने दावा किया है कि हसीना को 2024 में प्रदर्शनों के दौरान हिंसा और लोगों के गायब होने की घटनाओं में उनकी कथित संलिप्तता से संबंधित आरोपों का सामना करना चाहिए।

इन हिंसक प्रदर्शनों में 500 से जयादा लोगों की मौत हुई थी। बांग्लादेश के आव्रजन विभाग ने मंगलवार को हसीना समेत 97 लोगों का पासपोर्ट रद करने की घोषणा की थी। जबकि बांग्लादेश के अपराध ट्रिब्यूनल ने सोमवार को लोगों को गायब करने के मामले में हसीना और अन्य 11 लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया।मुख्य सलाहकार के उप प्रेस सचिव अबुल कलाम आजाद मजूमदार ने कहा कि पासपोर्ट विभाग ने जबरन गायब किये गये 22 लोगों के मामले में शामिल लोगों के पासपोर्ट रद किये हैं जबकि जुलाई में हुई हत्याओं में शामिल होने के कारण शेख हसीना सहित 75 लोगों के पासपोर्ट रद किये गए।

## श्री सांवलिया जी में चौथे राउंड की काउंटिंग पूरी, अब तक 17.29 करोड़ की गिनती हुई

### आज होगा सोने-चांदी का तौल



**उदयपुर, 09 जनवरी [एजेंसी]।**

दक्षिण राजस्थान के प्रसिद्ध कृष्ण धाम श्री सांवलिया जी मंदिर में बुधवार को चौथे राउंड की काउंटिंग पूरी हो गई। इस राउंड में 4 करोड़ 85 लाख 15 हजार रुपए की गिनती की गई। अब तक कुल 17 करोड़ 29 लाख 94 हजार रुपए की गिनती हो चुकी है। पांचवे राउंड की काउंटिंग गुरुवार को की जाएगी और उसी दिन सोने-चांदी का तौल भी किया जाएगा।श्री सांवलिया जी मंदिर में यह काउंटिंग दानपात्र से निकली राशि की है, जो बुधवार सुबह 11 बजे राजभोग आरती के बाद शुरू की गई थी। पहले राउंड में 29 दिसंबर को लगभग 3 करोड़ रुपए की गिनती हुई थी, जबकि दूसरे राउंड में 4 करोड़ 76 लाख 69 हजार रुपए और तीसरे राउंड में 4 करोड़ 68 लाख 10 हजार रुपए की गिनती की गई। इस प्रकार अब तक कुल 17 करोड़ 29 लाख 94 हजार रुपए की गिनती हो चुकी है।मंदिर प्रशासन ने बताया कि पांचवें राउंड में 9 जनवरी को दानपात्र से निकली बाकी राशि की गिनती की जाएगी, और इसी दिन सोने-चांदी का तौल भी होगा। श्रद्धालुओं द्वारा की गई इस विशाल राशि का उपयोग मंदिर के विकास और अन्य धार्मिक कार्यों के लिए किया जाएगा।

## उज्जैन में फर्जी एडवाइजरी सेंटरों पर छापा, 130 युवक-युवती हिरासत में

**उज्जैन।** उज्जैन में पुलिस ने एडवाइजरी सेंटर के नाम से फोन काल कर शेयर मार्केट में निवेश से मुनाफा दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ऐसे चार अड्डों पर छापा मारकर बुधवार को 130 युवक-युवतियों को हिरासत में लिया गया है। इन सेंटरों से 200 से ज्यादा मोबाइल फोन व 150 कंप्यूटर भी जब्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि चारों फर्जी सेंटरों को संचालित करने में फिलहाल पांच लोगों की भूमिका सामने आई है। इनमें से दो सेंटरों के संचालकों शशि मालवीय व अजय पंवार को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि तीन आरोपित विनय राठौर, दीपक मालवीय व चंदन भदौरिया की तलाश की जा रही है। सेंटरों से मोबाइल नंबर की लिस्ट मिली है, जिसके आधार पर इनके द्वारा लोगों को फोन लगाया जाता था।

## कनाडा में कौन लेगा ट्रूडो की जगह, क्या कुछ दिनों के मेहमान होंगे नए पीएम, ट्रंप की धमकी से कैसे निपटेंगे

**नईदिल्ली, 09 जनवरी [एजेंसी]।**



कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपनी लिबरल पार्टी और देश की जनता के बीच अपनी घटती लोकप्रियता को देखते हुए सोमवार को पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया था। अब बड़ा सवाल ये है कि पार्टी में ट्रूडो की जगह कौन लेगा। लिबरल पार्टी को एक नया नेता ढूंढना होगा जिसे अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कनाडाई वस्तुओं पर भारी कर लगाने की धमकियों से भी निपटना होगा। इसके अलावा कुछ महीनों बाद ही कनाडा में चुनाव भी होने हैं। यानी दोहरी चुनौती है। वैसे ट्रूडो ने सोमवार को कहा कि पार्टी के नए नेता के चुने जाने तक वह पीएम पद पर बने रहेंगे।ट्रूडो के उत्तराधिकारी के रूप में पूर्व वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड का नाम सबसे आगे चल रहा है। वह अमेरिका-कनाडा संबंधों में भी मुख्य किरदार निभा सकती हैं। बैंक ऑफ कनाडा के पूर्व प्रमुख और विख्यात अर्थशास्त्री मार्क कार्नी अन्य दावेदार हैं।एक अन्य संभावित उम्मीदवार नए वित्त मंत्री डोमिनिक लेब्लांक हैं। पीएम की रेस में दो भारतवंशी भी शामिल हैं। इनमें मौजूदा परिवहन और आतंरिक व्यापार मंत्री अनीता आनंद और लिबरल पार्टी के सांसद जार्ज चहल शामिल हैं।कनाडा के सबसे प्रसिद्ध प्रधानमंत्रियों में से एक रहे पियरे ट्रूडो के 53 वर्षीय बेटे जस्टिन ट्रूडो की लोकप्रियता, खाद्य और आवास की बढ़ती लागत और बढ़ते आव्रजन समेत कई मुद्दों को लेकर मतदाताओं के बीच काफी घट गई है।वैसे लिबरल पार्टी को 24 मार्च को संसद सत्र के शुरू होने से पहले ही एक नया नेता चुनना होगा, क्योंकि तीनों विपक्षी दलों का कहना है कि वे पहला मौका मिलते ही अविश्वास प्रस्ताव लाकर लिबरल पार्टी की सरकार को गिरा देंगे।

ऐसे में नए प्रधानमंत्री के ज्यादा समय तक पद पर रहने की संभावना नहीं है। उधर, वसंत ऋतु में चुनाव होने से विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी को बहुत अधिक लाभ होने की उम्मीद है। क्रिस्टिया फ्रीलैंड कनाडा की पूर्व वित्त मंत्री और उप प्रधानमंत्री रहीं फ्रीलैंड पीएम की दौड़ में सबसे आगे हैं। वे लंबे समय तक ट्रूडो की वफादार और सबसे प्रभावी मंत्रियों में से एक थीं। कुछ योजनाओं को लेकर उनकी ट्रूडो से ठन गई थी और उन्होंने पिछले माह कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।विदेश मामलों की कमान संभालते हुए उन्होंने देश को अमेरिका और मैक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर फिर से बातचीत करने में मदद की। कोविड-19 महामारी के दौरान भी उन्होंने इससे निपटने के प्रबंधन में अहम भूमिका निभाई। मार्क कार्नी मार्क कार्नी बैंक ऑफ कनाडा और बैंक ऑफ इंग्लैंड के पूर्व गवर्नर रहे हैं। कार्नी को पीएम पद का मजबूत दावेदार माना जाता है। हार्वर्ड और ऑक्सफोर्ड से स्नातक होने के चलते कार्नी अर्थशास्त्र और कूटनीति में दशकों का अनुभव रखते हैं।ट्रूडो ने 2024 में नाटो सम्मेलन के दौरान खुद कार्नी की प्रशंसा करते हुए कहा था कि वह ऐसे समय में एक उत्कृष्ट योगदानकर्ता होंगे, जब कनाडा के लोगों को राजनीति में आगे बढ़ने के लिए अच्छे लोगों की जरूरत है।अनीता आनंद- अनीता आनंद कनाडा की पूर्व रक्षा मंत्री रह चुकी हैं।

## भूकंप के 500 से अधिक झटके, 126 की मौत के बाद जमा देने वाली ठंड में टेंटों में रह रहे पीड़ित

**बीजिंग, 09 जनवरी [एजेंसी]।**

तिब्बती बौद्धों के पवित्र शहर शिगात्से के नजदीक मंगलवार को आए भूकंप के बाद बचावकर्मी बुधवार को पीड़ितों की तलाश में लगे रहे। अब वे प्रभावितों के पुनर्वास पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। लगभग 13,800 फीट की ऊंचाई वाले इस क्षेत्र में रात में तापमान शून्य से भी नीचे चला गया था। वहीं, भूकंप प्रभावितों को टेंटों में रात बितानी पड़ी क्योंकि असुरक्षित होने के कारण उनके घर रहने योग्य नहीं रहे। प्रभावितों को और अधिक टेंट, रजाइयां, स्टोव और अन्य राहत सामग्रियां वितरित की जा रही हैं। इस बीच एक वीडियो सामने आया है, जिसमें राहत कर्मियों को टेंट लगाते हुए देखा गया। राहत कर्मियों ने प्रभावितों को खाने के पैकेट भी वितरित किए। भूकंप के कारण 126 लोगों की मौत हुई है और 188 घायल हुए हैं और इसमें कोई वृद्धि नहीं हुई है। तिब्बत आपात प्रबंधन विभाग के निदेशक होंग ली ने बताया कि अब ध्यान राहत एवं बचाव से पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण पर केंद्रित कर लिया गया है। भूकंप के बाद 500 से अधिक झटके भी महसूस किए गए। प्रारंभिक सर्वे में पता चला है कि भूकंप से 3,600 से अधिक घर ढह गए हैं और 46 हजार निवासियों को



स्थानांतरित किया गया है। यह पता नहीं चल सका कि भूकंप के समय पंचेन लामा अपने ताशी ल्हुंपो मठ में थे अथवा नहीं और तिब्बत के इस दूसरे सबसे बड़े शहर को वास्तव में कितना नुकसान हुआ है।

उधर, भारत में दलाई लामा की रिहाइश वाले धर्मशाला में भूकंप पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए बुधवार को दलाई लामा के नेतृत्व में कैंडिल लाइट प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस बारे में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियकुन ने कहा, दलाई लामा की अलगाववादी प्रकृति और राजनीतिक योजनाओं के बारे में हमारा रुख बिल्कुल स्पष्ट है और हम बेहद सतर्क हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भूकंप प्रभावित क्षेत्र के लोग चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के मजबूत नेतृत्व में पुनर्निर्माण करने में सक्षम होंगे।

## एसपी कार्यालय के परिसर में किन्नरों में चले-लात घूंसे मचा हंगामा, हार्मोन बदलकर किन्नर बनाने का आरोप

**बांदा, 09 जनवरी [एजेंसी]।**

यातनाएं देने के साथ ऑपरेशन कर लिंग परिवर्तन कराने व दवा देकर हार्मोन बदलते हुए किन्नर बनाने के आरोप का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कई दिनों से मामले में शिकवा-शिकायतें चल रही थीं, लेकिन बुधवार को समाजसेवी शालिनी पटेल व स्वजन के साथ एसपी कार्यालय शिकायत करने गए आरोप लगाने वाले पक्ष व दूसरे किन्नर पक्ष के बीच जमकर लात-घूंसे व चप्पल चली। गाली-गलौज व तालियों के बजाने से हंगामा खड़ा हो गया। पुलिस कर्मियों ने किसी तरह डांट-डपटकर मामले को शांत कराया। पिटाई के विरोध में जबरन किन्नर बनाए गए पक्ष ने अशोक लाट के नीचे धरना देकर नारेबाजी शुरू कर दी। देर शाम तक पुलिस अधिकारी उन्हें समझाने का प्रयास करते रहे हैं। वहीं, दूसरे किन्नर गुट का आरोप है कि उन पर झूठा आरोप लगाकर फंसाने की साजिश की जा रही है, जिसको लेकर उनमें आक्रोश है। अतर्रा थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के तीन किन्नर अपने परिजनों के साथ बुधवार शाम करीब साढ़े तीन बजे पुलिस कार्यालय शिकायत करने गए थे। आरोप है कि किन्नरों ने उन्हें नशीली दवाएं खिलाकर ऑपरेशन कराकर कानपुर में लिंग परिवर्तन कर दिया है। अपने जैसा बनाने के लिए अपहरण कर उन्हें बंद कमरे में यातनाएं दीं। इतना ही नहीं उन्हें हार्मोन परिवर्तित करने की भी हाई डोज दवा खिलायी गई। वहीं, एक अन्य युवक के परिजनों का आरोप था कि उसे किन्नर बनाने के लिए अगवा किया गया। जब उसे किन्नर बनाने के लिए ले जाया जा रहा था तो वह अपनी जान बचाकर किसी तरह भाग आया है। तीन किन्नर व एक अन्य युवक की ओर से शिकायत करने की जानकारी होने पर दूसरा किन्नर गुट भी एसपी कार्यालय परिसर पहुंच गया।

दोनों पक्ष के बीच मारपीट व गुत्थम-गुत्था शुरू हो गई। बाद में पहुंचे किन्नरों की संख्या ज्यादा दी थी। इससे जमकर उन्होंने पिटाई कर दी। हालांकि, दूसरी ओर से भी बचाव में चप्पल व घूंसे चलाए गए। पुलिस अधिकारियों के आदेश पर सीओ व अन्य कोतवाली के पुलिस कर्मियों ने पहुंचकर मामले को शांत कराया। अशोक लाट के नीचे बाद में अनशन पर बैठे किन्नरों व उनके परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करना शुरू कर दिया। कोतवाली निरीक्षक पंकज सिंह उन्हें समझाने का प्रयास करते रहे। सीओ अतर्रा प्रवीण कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। जांच कराकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि पुलिस कार्यालय परिसर में मारपीट करने वाले अज्ञात किन्नरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। वहीं अतर्रा थाना प्रभारी कुलदीप कुमार का कहना है कि अलग-अलग तहरीरों के हिसाब से किन्नर धीरू उर्फ कटरीना निवासी गहबर थोक बिसंडा के विरुद्ध अलग-अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# क्या हेयर ग्रोथ सीरम बालों की ग्रोथ को बढ़ाने में होते हैं मददगार? जानें एक्सपर्ट की राय

आजकल बाजार में अलग-अलग प्रकार की बालों की समस्या के लिए कई तरह के हेयर सीरम मिलते हैं. जिनमें हेयर ग्रोथ सीरम सबसे प्रचलित हैं. लेकिन क्या इस प्रकार के सीरम का उपयोग वाकई बालों की सेहत के लिए लाभकारी होता है और क्या ये वाकई बालों की ग्रोथ को बढ़ाने में मददगार होते हैं. आइए जानते हैं.

**क्या हेयर ग्रोथ सीरम बालों की ग्रोथ को बढ़ाने में होते हैं मददगार !**

आजकल बाजार में बहुत से हेयर सीरम मिलते हैं. बालों की ग्रोथ को बेहतर करने ,बालों के टूटने-झड़ने को कम करने, उन्हे ज्यादा सेहतमंद, मजबूत व चमकदार बनाने या बालों में रूसी तथा कुछ अन्य प्रकार की समस्यों में राहत दिलाने का दावा करने वाले इन सीरम का उपयोग आजकल हर उम्र की महिलाएं व पुरुष कर रहे हैं. लेकिन क्या इस प्रकार के सीरम वाकई में बालों को टूटने से रोकने में या बालों के विकास में मददगार हो सकते हैं! चिकित्सकों की माने तो कई मामलों में कुछ विशेष गुणों वाले सीरम का उपयोग बालों के स्वास्थ्य में सुधार में मदद कर सकते हैं लेकिन सीरम के सही उपयोग के साथ कुछ अन्य बातों का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है.

**क्या कहते हैं जानकार**

डर्मेटोलोजिस्ट के अनुसार बालों के टूटने,झड़ने और उनके बढ़ने या विकास में रुकावट के कई कारण हो सकते हैं. इनमें सबसे आम कारणों में तनाव, हार्मोनल असंतुलन, खराब आहार, पोषक तत्वों की कमी जीन, और गलत हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल शामिल हैं. यदि शरीर को पर्याप्त प्रोटीन, आयरन, और



विटामिन नहीं मिलते, तो बालों का झड़ना और उनकी ग्रोथ धीमी हो सकती है. इसके अलावा, तनाव और चिंता भी बालों की सेहत पर बुरा असर डाल सकती हैं.

**जरूरी है अतिरिक्त देखभाल**

डर्मेटोलोजिस्ट बताते हैं कि कुछ मामलों में हेयर ग्रोथ सीरम लाभकारी हो सकता है लेकिन इसका असर हर व्यक्ति के बालों पर अलग-अलग हो सकता है. अगर सीरम में सही तत्व और पोषक पदार्थ हैं, तो यह बालों की जड़ों को मजबूत कर सकता है और बालों के विकास को बढ़ावा दे सकता है. जैसे सीरम में मौजूद तत्व जैसे मिनोक्सिडिल या बायोटिन बालों की जड़ों को पोषित कर सकते हैं, लेकिन इनका असर धीरे-धीरे होता है. लेकिन केवल हेयर ग्रोथ सीरम का इस्तेमाल अकेले बालों के गिरने या घने होने की समस्या का समाधान नहीं कर सकता है. इसके लिए सही खानपान, जीवनशैली, और बालों की देखभाल भी जरूरी है. सही आहार, नियमित जीवनशैली और सही देखभाल के साथ इन सीरमों का असर बढ़ सकता है.

डर्मेटोलोजिस्ट बताते हैं कि यदि आप बालों की ग्रोथ बढ़ाना चाहते हैं, तो सबसे पहले यह जरूरी है कि आप सही आहार लें. प्रोटीन, विटामिन, और मिनरल्स से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे हरी सब्जियां, फल, मेवे, और मछली का सेवन करें. इसके साथ ही सही जीवनशैली अपनाना भी आवश्यक है. पर्याप्त नींद, तनाव कम करना और नियमित व्यायाम बालों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है. इसके साथ ही बहुत जरूरी है कि बालों में सीरम का उपयोग सही तरीके से किया जाए. कुछ लोगों में इन उत्पादों से एलर्जी के मामले भी देखने में आते हैं. इसलिए बहुत जरूरी हैं कि सीरम के उपयोग से पहले जांच लें कि कहीं आपको उक्त उत्पाद से किसी प्रकार की एलर्जी तो नहीं है.

**सावधानियां और ध्यान रखने योग्य बातें**

गौरतलब है कि अगर आप बालों में सीरम का उपयोग कर रहे हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है. जैसे हमेशा सही उत्पाद का चुनाव करें. बाजार में कई प्रकार के हेयर ग्रोथ सीरम मिलते हैं, लेकिन इनमें से सभी का असर समान नहीं होता. हमेशा ऐसे सीरम का चयन करें जिसमें विटामिन ई, बायोटिन, या मिनोक्सिडिल जैसे तत्व हों.

इसके अलावा अपने आहार और जीवनशैली का ध्यान रखें. केवल हेयर ग्रोथ सीरम पर निर्भर न रहें. सही आहार, पर्याप्त पानी, और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी आवश्यक है. लेकिन सबसे जरूरी बात हैं कि सेल्फ-ट्रीटमेंट से बचें. अगर बालों के टूटने या झड़ने की समस्या ज्यादा हो तो अपने आप दवा लेने, घरेलू नुस्खों को अपनाने या सीरम का इस्तेमाल करने की बजाय चिकित्सक की सलाह पर जांच करवाए जिससे समस्या के मूल कारण का पता चल सके और उसके बाद सही इलाज करवाएं.

## क्या सर्दी में खांसी से परेशान हैं आप? दवाइयों की जगह अनानास खाएं, मिलेगी राहत



आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. दीक्सा भावसार सावलिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने खांसी में अनानास खाने के फायदों के बारे में बताया है। इस वीडियो में डॉक्टर ने यह भी बताया कि अनानास का सेवन कितना और कैसे करना चाहिए।

सर्दी के मौसम में अगर आप खांसी से परेशान हैं तो दवाइयों की जगह अनानास का सेवन करें। यह सलाह हम नहीं बल्कि आयुर्वेद के एक डॉक्टर ने दी है। डॉक्टर के अनुसार खांसी होने पर अनानास दवा की तरह काम करता है क्योंकि इसमें ब्रोमेलैन नामक एक अद्भुत एंजाइम होता है। यह एंजाइम सूजन को कम करने, बलगम को ढीला करने, खांसी को दबाने और सांस लेने में सुधार करने में मदद करता है।


आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. दीक्सा भावसार सावलिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने खांसी में अनानास खाने के फायदों के बारे में बताया है। इस वीडियो में डॉक्टर ने यह भी बताया कि अनानास का सेवन कितना और कैसे करना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने खांसी से निजात पाने के दूसरे तरीके भी बताए।

डॉ. डिक्सा ने बताया कि खांसी से राहत पाने के लिए लोग दिन में तीन स्लाइस अनानास खा सकते हैं। इसके अलावा लोग ताजा अनानास का जूस भी पी सकते हैं। डॉक्टर ने लोगों को अनानास के जूस में शहद, नमक और काली मिर्च मिलाकर पीने की सलाह भी दी है।

## अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया अभिनय की दुनिया में कदम रखने को तैयार, अगस्त्य नंदा के साथ बनी जोड़ी

अभिनेता अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। काफी समय से वह अपनी पहली फिल्म इक्कीस को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।

इस फिल्म में सिमर की जोड़ी अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा के साथ बनी है। द आर्चीज के बाद यह उनके करियर की दूसरी फिल्म है।इक्कीस सिमर और अगस्त के बीच पहला सहयोग है, जिसे लेकर दर्शक काफी उत्साहित हैं। आइए बताते हैं आखिर सिमर कौन हैं।



सिमर अभिनेता अक्षय की बहन अलका भाटिया की बेटी हैं। अलका भी जानी-मानी फिल्म निर्माता हैं।

वह अब तक अपने भाई अक्षय के साथ कई फिल्में बना चुकी हैं, जिनमें हॉलिडे, रुस्तम, एयरलिफ्ट, केसरी और अन्य शामिल हैं। हालांकि, वो मीडिया के कैमरों से हमेशा दूर रही हैं।

बता दें कि सिमर सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें 13 हजार से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। वह अपनी बोल्डनेस के लिए भी जानी जाती हैं।

सिमर एक बाहरी की तरह बॉलीवुड में कदम रख रही हैं। यही वजह है कि उनकी पहली फिल्म को लेकर पहले कोई हो-हल्ला नहीं हुआ।

इक्कीस के निर्देशन की कमान श्रीराम राघवन ने संभाली है। जयदीप अहलावत और धर्मेंद्र भी इस फिल्म का अहस हिस्सा हैं।

अगस्त्य फिल्म में अरुण खेत्रपाल का किरदार निभाते नजर आएंगे और धर्मेंद्र फिल्म में उनके पिता की भूमिका निभा रहे हैं।

यह फिल्म 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## सुबह खाली पेट भूलकर भी न खाएं ये 5 चीजें न्यूट्रिशनिस्ट ने कहा नहीं तो पूरे दिन रहेंगे परेशान

नाश्ता करना बहुत जरूरी है. हमारा पूरा दिन सुबह के भोजन पर निर्भर करता है. तो आपको पता होना चाहिए कि सुबह क्या खाना चाहिए और क्या खाने से बचना चाहिए. सुबह के समय खाए गए गलत खान-पान से भी आपको कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं. इसलिए सही आहार लेना बहुत जरूरी है.

न्यूट्रिशन एक्सपर्ट के अनुसार सुबह के समय किन चीजों से परहेज करना चाहिए. उनका कहना है कि यदि आप इन खाद्य पदार्थों से परहेज नहीं करते हैं, तो आपके पाचन और एनर्जी लेवल पर असर पड़ सकता है.

**सुबह के खाने में भूलकर भी न खाएं ये 5 चीजें!**

खट्टे फल: खट्टे फल, विटामिन सी से भरपूर होने के बावजूद, आपके पेट की परत में जलन पैदा कर सकते हैं, जिससे सीने में जलन, एसिडिटी या अपच हो सकता है.

कॉफी: खाली पेट कॉफी पीने से तनाव हार्मोन बढ़ जाते हैं, जिससे आपको घबराहट और बेचैनी महसूस हो सकती है.

मीठा खाना: सुबह-सुबह मीठा खाना खाने से ब्लड शुगर लोवल बढ़ने का खतरा हो सकता है, मीठे खाद्य पदार्थ के सेवन से कम ऊर्जा और मूड में बदलाव हो सकता है.

पेस्ट्री: पेस्ट्री स्वादिष्ट होती है और बहुत से लोग इसे पसंद करते हैं, लेकिन यह ब्लड शुगर लेवल में वृद्धि का कारण बन सकती है, जिससे आपको बाद में सुस्ती महसूस हो सकती है. इसके बजाय साबुत अनाज चुनें!

कोल्ड ड्रिंक या आइसक्रीम: कोल्ड ड्रिंक या आइसक्रीम आपके पाचन तंत्र को खराब कर सकती है और आपके चयापचय को धीमा कर सकती है, जो आपके दिन की शुरुआत करने का सबसे अच्छा तरीका नहीं है.

दही और स्पाइसी फूड : कुछ न्यूट्रिशन एक्सपर्ट के अनुसार जब आप खाली पेट दही का सेवन करने से यह पेट के अच्छे बैक्टीरिया को मार देता है, जिसकी वजह से कब्ज-एसिडिटी



की समस्या हो सकती है. न्यूट्रिशनिस्ट खाली पेट ज्यादा मसालेदार खाना खाने से बचने की सलाह देते हैं. स्पाइसी फूड से दस्त व सूजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

**सुबह की शुरुआत कैसे करें?**

सुबह का नाश्ता सबसे महत्वपूर्ण भोजन है क्योंकि यह आपको पूरे दिन ऊर्जावान बनाए रखता है. कई लोगों को यह तय करना काफी उलझन भरा लगता है कि कौन सा नाश्ता सही है. ऐसे में आपको बता दें कि ऊर्जा और बेहतर पाचन के लिए अपनी सुबह की शुरुआत गर्म पानी, हर्बल चाय या दलिया या अंडे जैसे संतुलित नाश्ते से करें..

न्यूट्रिशन एक्सपर्ट के अनुसार आदर्श नाश्ता ऐसा होना चाहिए जो पोषण से भरपूर हो और शरीर को जरूरी मात्रा में एनर्जी दें. इसलिए नाश्ते का चुनाव और संयोजन उस आहार से मिलने वाले पोषण के आधार पर करना फायदेमंद हो सकता है.

रिपोर्ट के अनुसार सुबह के नाश्ते में प्रचलित कुछ विशेष आहार और उनसे मिलने वाले पोषक तत्व इस प्रकार हैं.

कार्बोहाइड्रेट: रोटी, पराठा, ब्राउन ब्रेड, ओट्स, या पोहा.

प्रोटीन: उबले अंडे, पनीर, मूंगफली, या स्प्राउट्स.

फाइबर और विटामिन: हरी सब्जियां, फल, या सूखे मेवे.

तरल पदार्थ: दूध, नारियल पानी, या हर्बल चाय

सूची के आधार पर लोग यदि अपना ब्रेकफास्ट पैटर्न डिजाइन करें तो उन्हे कई फायदे मिल सकते हैं.



**2 बच्चों की मां श्वेता तिवारी ने टोन्ड फिगर दिखा उड़ाया गर्दा,44 की हसीना के हुस्न के आगे जवां लड़कियों का ग्लैमर फेल**

## शब्द सामर्थ्य -291

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 290 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## रेड ब्लेजर पहन तारा सुतारिया ने कैमरे के सामने दिए किलर पोज, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने सोशल मीडिया का बढ़ाया पारा

बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया अपने बोल्ड लुक्स को लेकर ज्यादा चर्चाओं में रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस की लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर छा गई हैं। इन फोटोज में उनका बॉसी लुक देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

अपने फैशन स्टेटमेंट्स के कारण अक्सर चर्चाओं में रहने वाली एक्ट्रेस तारा सुतारिया आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने लुक्स से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस की लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग और बॉसी लुक देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।तारा सुतारिया की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने रेड कलर का ब्लेजर पहना हुआ है, एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं।कानों में इयररिंग्स, बालों का स्टाइलिश लुक में बन बनाकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।तारा सुतारिया अक्सर अपने लुक्स से फैंस को दीवाना बना देती हैं। इंडियन हो या फिर वेस्टर्न उनका हर एक लुक फैंस के बीच चर्चाओं में रहता है।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।



# धान खरीदी केंद्र पर बड़ी कार्यवाही : 357 बोरी धान जब्त, 40 बोरी लौटाया गया



**कोरिया बैकुंठपुर।** राजस्व विभाग की टीम ने धान खरीदी केंद्र पटना में शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया, जिसमें धान खरीदी प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं उजागर हुईं। तहसीलदार, नायब तहसीलदार और हल्का पटवारी की उपस्थिति में की गई इस जांच में कुल 357 बोरी धान जब्त किया गया, जबकि 40 बोरी अमानक धान किसानों को वापस लौटा दिया गया।

ग्राम रनई निवासी रामरतन द्वारा विक्रय के लिए लाए गए 80 बोरी धान में वर्ष 2024-25 के बारदाने का उपयोग पाया गया। उचित जवाब न मिलने पर धान जब्त किया गया। ग्राम मुरमा निवासी रंगलाल के 75 बोरी धान में भी बारदाने की अनियमितता मिली। इस पर धान जब्त कर किसान का टोकन निरस्त किया गया। ग्राम रनई की समुंदरी बाई द्वारा लाए गए 65 बोरी धान में भी नियमों का उल्लंघन पाया गया। धान जब्त कर टोकन रद्द किया गया। इसी तरह ग्राम तेंदुआ के रामसागर और दिनेश क्रमशः 47 और 90 बोरी धान लेकर आए थे। जांच में पाया गया कि उन्होंने बीज निगम के बारदाने का उपयोग किया था। इस पर कार्रवाई करते हुए धान जब्त कर लिया गया। ग्राम तेंदुआ के जगदीश द्वारा 40 बोरी अमानक धान विक्रय हेतु लाया गया था। इस तरह 357 बोरी जब्त किया गया और 40 बोरी अमानक होने की वजह से लौटाया गया। राजस्व विभाग ने किसानों को चेतावनी दी है कि खरीदी केंद्रों पर केवल मानक धान और निर्धारित बारदाने का उपयोग करें। विभाग ने कहा है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से किसानों से अपील की गई है कि वे धान खरीदी के नियमों का पालन करें। ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सूरजपुर की प्रतिमा प्रजापति ने लहराया परचम

**सूरजपुर।** 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन मैप कास्ट, रविंद्र भवन भोपाल मध्यप्रदेश में 3 से 6 जनवरी 2025 तक किया गया। जिसमें 640 प्रतिभागियों ने भाग लिया और 194 प्रोजेक्ट उवकंस प्रस्तुत किये गए, इसके अलावा 10 अंतराष्ट्रीय मॉडल थे कतर बाहरीन सयुंक्त अरब अमीरात से आये मॉडल भी थे छत्तीसगढ़ राज्य से चयनित 16 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया। जिसमें से राष्ट्रीय स्तर पर 20 उत्कृष्ट परियोजनाओं का चयन किया गया। इनमें से छत्तीसगढ़ राज्य से चार उत्कृष्ट परियोजनाओं का चयन किया गया। बाल वैज्ञानिक प्रतिमा प्रजापति सूरजपुर की परियोजना को उत्कृष्ट पाया गया। इनका चयन उत्कृष्ट 20 परियोजनाओं में हुआ है, मक्का उगाने वाले किसानो क़ी आमदनी बढ़ाने हेतु बनाये गए प्रोजेक्ट क़ी सभी ने सराहना क़ी मक्के के जिस हिस्से को कचरा समझकर फेक दिया जाता है उसी से मजबूत हार्डबोर्ड बनाकर किसानो को व्यवसाय का दूसरा विकल्प भी दिया जा सकता है। प्रतिमा एवं उनकी मार्गदर्शक शिक्षिका डॉ निशा सिंह व्याख्याता शा. उच्च. मा. विद्यालय करवां को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# कन्या स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना का 7 दिवसीय विशेष शिविर का समापन



**कोरिया/बैकुंठपुर।** जनवरी को ग्राम पंचायत सलका में शा आ क उ मा वि के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय विशेष शिविर केआयोजन का समापन डाइट प्राचार्य यस एल सोनवानी के मुख्य आतिथ्य,प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों के द्वारा विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती व युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। ततपश्चात स्वयंसेवी छात्राओं के द्वारा पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत करते हुए एक लक्ष्य गीत व छत्तीसगढ़ी संस्कृति से सम्बंधित नृत्य व गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी शुश्री शाहिस्ता अंजुम अली के द्वारा शिविर में किये गये कार्यों का साप्ताहिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। डाइट प्राचार्य सोनवानी द्वारा अपने उदबोधन में स्वयंसेवी छात्राओं को अपने अपने गांव, घर,पारा,मुहल्ले में भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने के लिए कहा गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता ने बच्चों को शिविर के माध्यम से किये गए कार्यों को अपने दैनिक जीवन में अनिवार्य रूप से आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती पी सिंह, सहायक कार्यक्रम अधिकारी सविता सिंह, ए शर्मा, जिज्ञासा दुबे,स्वीटी मिश्रा, अल्फा वरवा, अनुराधा सोनपाकर,विपिन कुमार मिश्रा, रीना जगत,फगनी बाई,एन दिवाकर, योगेंद्र कुशवाहा, संजय यादव, सोमेश कौशिक, राकेश कुमार देवांगन, विवेक कुमार पांडेय,सहित स्वयंसेवी छात्राओं के साथ ग्रामीण जन उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता आर एल गौतम द्वारा किया गया।

## धार्मिक व सामाजिक स्थलों में विशेष स्वच्छता अभियान प्रति सप्ताह होंगे: जायसवाल



**चरचा कालरी।** नगर पालिका शिवपुर चर्चा के अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने सराहनीय पहल करते हुए पालिका क्षेत्र के समस्त धार्मिक व सामाजिक स्थलों में सप्ताह में एक बार विशेष सफाई अभियान की शुरुआत की इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थलों में प्रतिदिन साफ-सफाई के कार्य चल रहे हैं। पालिका अध्यक्ष जायसवाल ने स्वयं मुक्तिधाम जाकर सफाई कार्यो का निरीक्षण कर और बेहतर ढंग से करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि पालिका क्षेत्र में प्रतिदिन बेहतर ढंग से साफ-सफाई के कार्य कराए जा रहे हैं सार्वजनिक स्थलों में विशेष कर प्रतिदिन सफाई होती है इसके अतिरिक्त अब विशेष अभियान के तहत धार्मिक व सामाजिक भावना स्थलों में प्रति सप्ताह एक बार विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा पालिका क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सब की जिम्मेदारी है।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने ली संयुक्त बैठक

## कानून व्यवस्था और सड़क सुरक्षा पर चर्चा, अवैध शराब बिक्री व नशा के खिलाफ चलेगी संयुक्त अभियान

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कानून व्यवस्था और सुरक्षा के मुद्दों पर गहरी चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सभी अधिकारियों से सजगता के साथ काम करने और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय स्थिति के उत्पन्न होते ही तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, त्योहारों और विशेष आयोजनों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को कड़ी निगरानी में रखा जाए। इसके अलावा, कलेक्टर ने पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने





लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से सड़क सुरक्षा के उपायों पर भी चर्चा की। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट की पहचान करने और राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य सड़कों का निरीक्षण करने के आदेश दिए। इसके अलावा, सड़क यातायात में व्यवधान डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही। कलेक्टर ने दुपहिया वाहन चालको को हेलमेट लगाने, चार पहिया चालको को शीट बेल्ट धारण करने की अपील की। उन्होंने सभी वाहन चालको से कहा कि सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं ताकि जान-माल सुरक्षित रह सकें। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अवैध शराब बिक्री, नशा के खिलाफ अधिकारियों को संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल, कॉलेज, अस्पताल व सभी शासकीय कार्यलय के 100 मीटर के अंदर तम्बाकू गुटखा बिक्री करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पुलिस कर्मियों से कहा कि पुलिस गश्त लगातार करें ताकि अपराधियों के खिलाफ अंकुश लगे रहे। पुलिस अधीक्षक ने ओव्हर लोडिंग वाहनों, स्कूली बस, ऑटो की जांच करने के निर्देश दिए। एसपी ने बैकुंठपुर में बस, ऑटो स्टॉप के लिए उचित जगह चिन्हित करने का सुझाव दिया ताकि यातायात सुगम रह सके। बैठक के अंत में, अधिकारियों को जिले की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया गया। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर, डीएसपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## ऑडिटोरियम में आयोजित की गई कार्यशाला

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस.जयवर्धन के निर्देश के अनुपालन व अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर की अध्यक्षता में शासन के स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत वय वंदना योजना, मत्स्य पालन विभाग अंतर्गत एफएमडीपी योजना, कृषि विभाग अंतर्गत फार्म रजिस्ट्री योजना के लिए कार्यशाला एवं बैठक ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया था। इस कार्यशाला में लगभग 300 वीएलई शामिल हुए थे। जिसे अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग डीपीएम डॉ प्रिंस जायसवाल एवं आयुष्मान प्रभारी नसीम, मत्स्य विभाग से एम.एस. सोनवानी, कृषि विभाग से भार्या, सीएससी डीएम एन.डी.तिवारी एवं आयोजनकर्ता ईडीएम सुमित सिंह उपस्थित थे।

## बीजापुर पत्रकार हत्या काण्ड को लेकर छग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ ने संभागायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**सूरजपुर।** छग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ सरगुजा संभाग के द्वारा संभागायुक्त सरगुजा को मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंप कर बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने पीड़ित परिवार को एक करोड़ मुआवजा राशि और सरकारी नौकरी देने के की मांग को लेकर सरगुजा संभाग आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है इसका उद्देश्य समाज में सच्चाई को उजागर करना और जनहित के मुद्दों को उजागर करना है दुर्भाग्य वस पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है यह घटना न केवल पत्रकारिता जगत के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए अत्यंत दुखद एवं चिंता जनक है।

हम यह महसूस करते हैं कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल समाज में भय का माहौल पैदा करता है बल्कि पत्रकारों की स्वतंत्रता और सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़ा करता है इस जघन्य अपराध में शामिल दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार के घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो पत्रकार मुकेश चंद्राकर के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए पत्रकार मुकेश चंद्राकर के परिवार को एक करोड़ की मुआवजा राशि एवं किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिया जाए पत्रकारों की सुरक्षा के लिए त्वरित प्रभावी कदम उठाया जाए।

इस विषय को गंभीरता से लेते हुए विचार करने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो पत्रकारों के ऊपर मामला दर्ज करने से पहले उसकी जांच हो इसके बाद कोई कारवाई किया जाए इन सभी मांगों को लेकर छ ग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ द्वारा संभागायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को ज्ञापन सौपा गया है और यदि दिवंगत पत्रकार एवं उसके परिवार जन को उचित न्याय न मिलने की स्थिति में छ ग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ सरगुजा संभाग अध्यक्ष डॉ अजय चक्रधारी नवा रायपुर मंत्रालय के सामने भूख हड़ताल पर बैठने को बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## कमलेश शर्मा बने रेडक्रास सोसाईटी के प्रदेश प्रतिनिधि




**बैकुंठपुर।** जिले में रेडक्रॉस सोसायटी के राज्य प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि के लिए 07 जनवरी 2025 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरिया कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक सीएमएचओ कोरिया व रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डा प्रशांत सिंह के द्वारा बुलाई गई । रेडक्रास सोसाईटी जिला शाखा की बैठक में निर्वाचन अधिकारी एवं जिला अस्पताल के सीएस डॉ आयुष जायसवाल के निर्देशन में प्रदेश प्रतिनिधि का विधिवत निर्वाचन हुआ। जिसमें कमलेश शर्मा रेडक्रास सोसाईटी के प्रदेश प्रतिनिधि के लिए निर्वाचित हुए। जो कि राज्य स्तर पर कोरिया जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। बैठक में स्वास्थ्य एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्य के लिए आगामी कार्य योजनाओं पर भी चर्चा की गई। बैठक के बाद रेडक्रास समिति के कार्यालय हेतु भवन का भी चयन किया गया। जहां समिति की आगामी बैठकें आयोजित की जाएंगी। बैठक में रेडक्रास समिति के चेयरमैन महेंद्र बेद, डिप्टी चेयरमैन गीता राजवाड़े कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता समिति के सदस्यगण शैलेश शिवहरे, बसंत राय, शैलेंद्र शर्मा, सुधीर अग्रवाल, आशीष बड़ेरिया कमलेश गुप्ता, प्रशांत गुप्ता एवं ओम प्रकाश वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने



**चरचा कालरी।** नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण राजेश सिंह पालिका उपाध्यक्ष ने किया इस दौरान उनके साथ पार्षद श्रीमती रामकली पाल, पार्षद प्रदीप राजवाड़े ,आदित्य जयसवाल राजा,मोहम्मद जैनुल व नगर पालिका के इंजीनियर थे पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने छठ घाट में चल रहे निर्माण कार्य के प्रति ठेकेदार को गुणवत्ता युक्त कार्य करने का निर्देश दिया व कहा कि गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा काम को बेहतर ढंग से कीजिए पुलिया की तलहटी में जमे कीचड़ को हटाने के बाद ही कंक्रीट स्लैब डालिए अन्यथा मजबूती नहीं रहेगी नगर पालिका शिवपुर चरचा द्वारा कराए जा रहे समस्त निर्माण कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक प्रभावी ढंग से करराने की जिम्मेदारी समस्त जन प्रतिनिधियों की है जिससे जनता में अच्छा संदेश जाए साथ ही शासन के द्वारा लगाए गए पैसों का सदुपयोग हो।

## नवपदस्थ सरगुजा संभागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा ने पदभार किया ग्रहण



**अम्बिकापुर।** नवपदस्थ सरगुजा संभागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा ने मंगलवार 7 जनवरी 2025 को आयुक्त कार्यालय सरगुजा में विधिवत पदभार ग्रहण किया। वे 2008 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। आयुक्त कार्यालय में उनका हार्दिक स्वागत किया गया। इस दौरान उपायुक्त आरके खूंटे उपस्थित रहे। इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पुष्पगुच्छ भेंट कर संभागायुक्त का स्वागत किया। नवपदस्थ सरगुजा संभागायुक्त श्री दुग्गा इससे पूर्व सचिव, आदिम जाति विकास विभाग, अनुसूचित जाति विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित विकास के पद पर पदस्थ रहे। संभागायुक्त श्री दुग्गा ने पदभार ग्रहण कर मां महामाया मंदिर दर्शन कर संभाग की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। हाल ही में राज्य शासन द्वारा जारी स्थानांतरण अनुसार सरगुजा संभाग के नये संभाग आयुक्त के रुप में श्री दुग्गा को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

# एनएसएस शिविरों एवं स्कूलों में चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के दिशा निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के मार्गदर्शन मे जिला सूरजपुर में युद्ध स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल के नेतृत्व में जिला बाल संरक्षण इकाई, सखी वन स्टॉप सेंटर चाईल्ड लाईन की टीम विभिन्न स्कूलों व एन.एस.एस के शिविरों में कार्यक्रम कर सभी को बाल विवाह मुक्त सूरजपुर बाल विवाह मुक्त छ.ग. एवं बाल विवाह मुक्त भारत का शपथ दिला रहे है। सभी बच्चों को गुड टच बैड टच एवं अन्य कानूनों के प्रति जागरूक रहे हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना हाईस्कूल कोट एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल अघिना सलका के ग्रामीण शिविरों मे जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल ने कैम्प के स्वयं सेवकों एवं अन्य को किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी दी और बताया कि बडो के लिए जैसे भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धाराएं लगती है, वैसे ही बच्चों को सुधारने के लिए किशोर न्याय अधिनियम बना है। बच्चो संबंधी समस्त न्याय उपचार उसी में उल्लेखित प्रावधान के अनुसार होता है। चाहे वह विधि विरुद्ध बच्चा हो या संरक्षण की आवश्यकता वाला बच्चा। उन्होंने सभी बच्चों को गुडटच व बैड टच के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि कुछ अंगों पर सिर्फऔर सिर्फ हमारा अधिकार होता है उसे कोई टच नहीं कर सकता और यदि कोई गलत ढंग से टच करता है तो वह लैगिंक अपराध से बालको का संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत अपराध है। उसकी शिकायत जरूर करें। श्री जायसवाल ने मोटर व्हीकल एक्ट के सम्बन्ध में जानकारी दी उन्होने बताया कि बगैर 18 वर्ष पूर्ण हुए बिना लाइसेंस के गाड़ी न चलाये। पहले उम्र पुरी हो लाईसेन्स बनवायें तब गाडी चलाये घर में अपने अभिभावकों के बिना हेलमेट के गाडी चलाने से मना करें। आये दिन दुर्घटना से काफी जाने जा रही है, उन्होंने बच्चों को सखी वन स्टाप सेंटर एवं उसके पांच प्रकार की सेवाएं, घरेलू हिंसा अधिनियम टोनही प्रताड़ना अधिनियम, बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम, कुमार श्रम अधिनियम बाल भिक्षावृत्ति, एक युद्ध नशे के विरुद्ध बच्चों को नशा से दूर रहने के उपायों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। लडकियों को बताया की वो किसी से कम नहीं हैं यदि वो ठान ले तो कुछ भी कर सकती है। उन्हाने पूर्व बाली बाल खिलाडी और माउन्ट ऐवरेस्ट फ्तह करने वाले दिव्यांग बालिका अरूणिमा सिन्हा की कहानी बताई और वहा कि अरूणिमा सिन्हा जब ट्रेन की सफर कर रही थी तो कुछ बदमासी ने उसे चलती ट्रेन से ढकेल दिया और उसके पैर काटने पड़े उसके बावजूद उसने दुर्लक्ष माउन्ट एवरेस्ट चढ़ने का निर्णय लिया और जब बछेन्द्री पाल से मिली तो बछेन्द्री पाल ने उसका हौसला बढ़ाया बाद में अरूणिमा ने विश्व की पहली दिव्यांग महिला सिने माउन्ट एवरेस्ट चढ़ने का गौरव प्राप्त किया। इसलिए अपने आप को कमजोर नही मानना चाहिए बल्कि दृढ इच्छा शक्ति के साथ लगन से काम करने से कुछ भी प्राप्त हो सकता है। कार्यक्रम को जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना चंद्रभूषण मिश्रा ने भी संबोधित किया और उन्होंने एन.एस.एस. के कार्य और उसके परिणाम के सम्बन्ध से सभी को जानकारी दी। उन्होंने कहा देश हित, समाज हित, ओर व्यक्ति हित ही एन.एस.एस. का उद्देश्य है। हम अपने कार्य के माध्यम से आदर्श प्रस्तुत कर सकते है। अपने कार्यों से परिवर्तन भी ला सकते हैं। हमे साफसफाई, दूसरे की सेवा प्लास्टिक मुक्त भारत, पेड़ पौधे लगाना और बचाना जरूरत मंद को मदद पहुंचा कर भी सेवा की जा सकती है। शा.उ.मा.वि. कोट का कैंप ग्राम चंद्रपुर मे लगा है। जिसमे शिविर के बच्चों के अलावा पूर्व मा.शा. चन्दरपुर एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल चन्दरपुर के छात्र-छात्राएं एवं शा.क.उ.मा.वि. अघिना सलका का शिविर ग्राम खोपा में लगा है। जहाँ शिविर में हाईस्कूल खोपा, कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय खोपा, एवं प्राथमिक शाला खोपा के बच्चे एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे। दोनो स्थानो पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना चंद्रभूषण मिश्रा प्रशासिका सखी वन स्टॉप सेंटर श्रीमती विनिता सिन्हा, आउट रीच वर्कर पवन धीवर, कार्यक्रम अधिकारी एन.एस.एस. अघिना सलका सुनील चक्रधारी, हाईस्कूल खोपा के वीर सिंह शांडिल्य, हरिलाल एक्का, श्रीमती सीता यादव, पूर्व मा.शा. खोपा के श्रीमती चंद्रकला देवी श्रीमती रम्भा राजवाडे, यशोदा रजवाड़े, पुष्पलता कुजूर, हायर सेकेण्डरी अघिना सलका से श्री दीपक दिल्ली वार पंकज गुप्ता, कविता सिदार नीता खाडे, उपस्थित थे।

## ज्वलनशील पदार्थ डीजल लापरवाही पूर्वक नापजोख करने के मामले में 3 व्यक्ति गिरफ्तार

**सूरजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना-चौकी प्रभारियों को चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर पैनी नजर रखने एवं सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में दिनांक 08.01.2025 को थाना प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम पोड़ी स्थित एक टायर दुकान के पास कुछ व्यक्ति ज्वलनशील पदार्थ डीजल रखकर लापरवाही पूर्वक नापजोख कर रहे है जिससे मानव जीवन के लिए संकट उत्पन्न हो सकता है। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंची जहां 3 व्यक्ति क्रमशः विकलेश दोहरे पिता छुन्नूलाल उम्र 24 वर्ष ग्राम चंदौरा, विशाल तिवारी पिता पारसनाथ तिवारी उम्र 20 वर्ष ग्राम अलीनगर, थाना अलीनगर जिला चंदौली उत्तरप्रदेश, कौशल कुशवाहा उर्फ सोनू पिता रामसूरत कुशवाहा उम्र 27 वर्ष ग्राम सरहरी, थाना प्रतापपुर को 80 लीटर डीजल को लापरवाही पूर्वक पाईप से नापजोख करते मिले जिनसे वैध दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज पेश नहीं किये। आरोपियों का कृत्य धारा 287, 3(5) बीएनएस का पाए जाने पर 80 लीटर डीजल जप्त कर तीनों को गिरफ्तार किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक रजनीश तिवारी व अन्य सक्रिय रहे।

## यातायात नियमों के पालन से आपका व अन्य लोगों का जीवन रहेगा सुरक्षित

**सूरजपुर।** सीएसपी ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि 18 साल से कम उम्र के बच्चे वाहन न चलाएं अन्यथा पकड़े जाने पर परिजनों को परेशानी होगी। सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। इससे आपका व अन्य लोगों का जीवन सुरक्षित रहेगा। अपने अमूल्य जान-माल की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों की पालन अवश्य करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले के थाना, चौकी व यातायात पुलिस सहित पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के द्वारा नियमित रूप से स्कूल-कालेजों में यातायात जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में मंगलवार, 07 जनवरी 2025 को सीएसपी ने स्कूल के विद्यार्थियों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि 18 साल से कम उम्र के बच्चे वाहन न चलाएं अन्यथा पकड़े जाने पर परिजनों को परेशान होना पड़ेगा। वहीं जो 18 साल से ऊपर के हैं, बाइक चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें।

## सराफा कारोबारी की हत्या मामले में पुलिस को सुराग की तलाश

**कोरबा।** शहर के जाने-माने सराफा कारोबारी गोपाल राय सोनी की हत्या के मामले में पुलिस अभी भी पुलिस को सुराग की तलाश है। इस मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में अलग-अलग टीमें जांच कर रही है। इस मामले में पुलिस को गत दिनों चेकपोस्ट बालको से लगे रिस्दा मोहल्ले में कार मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंचकर कार की जांच की। इस दौरान कार से कार की चाबी बरामद हुई लेकिन अन्य सामान नहीं मिले जिन्हें अपराधी अपने साथ ले गए थे।

## एलोन पहुंचा हाथियों का दल


**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में मौजूद हाथियों का दल बीती रात गीतकुंआरी एवं लबेद से आगे बढ़कर एलोन पहुंच गया है। हाथियों के बड़ी संख्या में यहां पहुंचने से ग्रामीण दहशत में हैं। वहीं वन विभाग का अमला भी हाथियों की निगरानी में जुट गया है। एलोन व आसपास के गांवों में मुनादी कराने के साथ ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है।

# नए वायरस एचएमपीवी ने बढ़ाई चिंता, लोगों को रहना होगा सावधान

### हालांकि अब तक देश में इससे जुड़े सात मामले ही आए

**कोरबा।** ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस ( एचएमपीवी) वायरस चीन के बाद भारत में भी फैल गया है। इस वायरस के लक्षण में सर्दी खांसी बुखार के साथ नाक जाम होने को प्रमुख रूप से शामिल किया गया है। इससे बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को कहा है कि वह अपने स्तर पर सतर्क रहने के साथ संबंधित लक्षण वाले लोगों से दूरी बनाएं। कोरबा जिले में अभी भी कोविड प्रोटोकॉल को फॉलो किया जा रहा है तथापि नए वायरस को लेकर गाइडलाइन की प्रतीक्षा स्वास्थ्य विभाग कर रहा है।

किसी तरह मेहनत मशक्कत कर कोविड कालखंड की बड़ी चुनौती से सरकार ने पार पा लिया है। उस दौर में चीन वायरस के चक्कर में काफी जनहानि हुई और काफी बड़ी संख्या में लोगों को वायरस के प्रकोप से अधिक समय तक परेशानी झेलनी पड़ी। उस दौर को याद कर लोग सिहर जाते हैं। भारत सरकार के द्वारा की गई कोशिश का नतीजा कहना होगा कि समय रहते बड़ी जनसंख्या को वैक्सीन देकर सुरक्षा घेरा दे दिया गया। इधर व्हाया




चीन एक नए वायरस एचएमपीवी के खतरे आसपास में मंडरा रहे हैं। ऐसे में चिंता बढ़ना लाजिमी है। इसके साथ ही सरकार का तंत्र और लोग सतर्कता दिखा रहे हैं।

### ठंड के मौसम से नुकसान की आशंका

ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) फेफड़ों को प्रभावित कर रहा है। इसके चलते फ्लू जैसा संक्रमण होता है। यह वायरस ठंड के मौसम में ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है। यह प्रभावित व्यक्ति के सीधे संपर्क में आने से इस वायरस का खतरा हो सकता है। जहां तक इसके लक्षणों की बात है तो इसमें खांसी, बुखार, गले में खरास, नाक का बहना या नाक का जाम हो जाना आदि हैं। कुछ केसेज में सांस लेने में तकलीफ भी हो सकती है।

### निमोनिया और ब्रैंकोलाइटिस का खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ का कहना है कि एचएमपीवी के कारण श्वसन और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों के मामले में परेशानियां बढ़ सकती हैं। वायरस की चपेट में आने पर ऐसे लोग निमोनिया और ब्रोंकोलाइटिस के प्रभाव में आ सकते हैं। इसके लिए उन्हें विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। यथासंभव ठंड से बचाव करना और ऐसी चीजों का उपयोग करना काफी कारगर हो सकता है जो आपके शरीर को गर्म रख सकते हैं। हाइड्रेशन भी इसके खतरे से उबरने का एक विकल्प माना गया है। यह बात अलग है कि अभी इस वायरस के स्थाई समाधान के लिए कोई वैक्सीन तैयार नहीं हुई है।

### एक दिन पहले हुई बैठक

निश्चित रूप से एचएमपीवी वायरस के खतरे तो बहुत सारे क्षेत्र में है। हमारे जिले में इससे संबंधित किसी खतरे की आहट अभी नहीं है। हालांकि एक दिन पहले ही राज्य सरकार ने इस बारे में बैठक ली है। इसे लेकर अभी कोई गाइडलाइन जारी नहीं की गई है। संभव है कि जल्द कुछ दिशा निर्देश प्राप्त होंगे और उसके अंतर्गत फिर काम किए जाएंगे। वैसे यहां पर कोविड प्रोटोकॉल को फॉलो किया जा रहा है।

**-डॉ गोपाल कंवर, अधीक्षक मेडिकल कॉलेज**

## पसान-जटगा मार्ग पर ट्रक और ट्रेलर में हुई भिड़ंत, एक घायल



### केबिन में फंसे चालक को लोगों ने निकाला

**कोरबा।** जिले के पसान-जटगा मार्ग पर आज प्रात: एक ट्रक व ट्रेलर के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो जाने से जहां एक वाहन का चालक घायल हो गया वहीं दोनों वाहनों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। घायल चालक को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार यह घटना आज प्रात: तिलाईडाड़ जंगल में घटित हुई। बताया जाता है कि मार्ग पर जा रही ट्रक विपरित दिशा से आ रही ट्रेलर से भिड़ गई। इस दुर्घटना में ट्रक चालक का पैर टूट गया वहीं दोनों वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा। मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने इस घटना को देखा और केबिन में फंसे चालक को बाहर निकालकर निकटतम उप स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया जहां उसका उपचार जारी है। बताया जाता है कि घटना के बाद मार्ग में जाम की स्थिति भी निर्मित हो गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुए वाहनों को किनारे हटाकर जाम को समाप्त कराया तत्पश्चात् जाम में फंसे वाहन अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। इस दुर्घटना के बाद, स्थानीय लोगों ने सड़क की खराब स्थिति और यातायात प्रबंधन की कमी को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने प्रशासन से सड़कों की मरम्मत और यातायात प्रबंधन में सुधार करने की मांग की है।

## तालाब में मिला ग्रामीण का शव, लगी भीड़



**कोरबा।** उरगा थानांतर्गत तिलकेजा गांव के नवा तालाब में एक व्यक्ति का शव तैरते हुए पाया गया है। मृतक की पहचान नारायण कंवर के रुप में की गई है। नारायण की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है,पुलिस इसकी जांच कर रही है।

कोरबा के तिलकेजा गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई जब गांव के नवा तालाब में एक व्यक्ति का शव तैरते हुए पाया गया। मृतक की पहचान गांव में रहने वाले नारायण कंवर के रुप में की गई है। नारायण ने आत्महत्या की है,या तालाब में डूबने से उसकी मौत हुई है या फिर उसकी मौत की वजह कुछ और है , इस बात का पता नहीं चल सका है। तालाब में लाश मिलने की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। लाश को तालाब से बाहर निकालकर पुलिस द्वारा मर्ग पंचनामा की कार्रवाई पूरी की गई फिर लाश को पीएम के लिए रवाना कर दिया। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलने की बात पुलिस ने कही है। थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि इस मामले को लेकर मार्ग रजिस्टर्ड कर लिया गया है। आसपास के लोगों से इस बारे में पूछताछ भी की जा रही है।

## गांव में अवैध शराब बिकने से परेशान महिलाएं पहुंचीं विधायक के पास



**कोरबा।** कोरबा लोकसभा के पूर्व सांसद डॉ. स्व. बंशीलाल महतो के द्वारा गोद लिए गए आदर्श ग्राम तिलकेजा के कलमीभाटा मोहल्ला में अवैध शराब बेची जा रही है। अवैध शराब की बिक्री होने से युवा और बच्चे नशे की लत के आदी हो रहे हैं व आए दिन यहां नशा के कारण विवाद की स्थिति निर्मित होती है और अशांति उत्पन्न हो रही है। अवैध शराब की बिक्री के संबंध में आबकारी विभाग किसी भी तरह की कार्रवाई करता नजर नहीं आ रहा है। परेशान मोहल्ले की महिलाओं ने रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया से मुलाकात कर उन्हें कार्रवाई हेतु आग्रह करते हुए ज्ञापन सौंपा है।

## घायल हाथी को खिलाया जा रहा दवा

**कोरबा।** जिले की सरहद को पार कर घायल हाथी रायगढ़ वन परिक्षेत्र में पहुंच गया है। रायगढ़ जिले के जंगलों में एक घायल हाथी विचरण करा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा ड्रोन कैमरे के अलावा हाथी मित्र दल के सहयोग से इस हाथी पर नजर रखते हुए लगातार उसे दवाई खिलाया जा रहा है। घायल हाथी का पिछले दिनों कोरबा वनमंडल के करतला क्षेत्र में डाक्टरों के द्वारा उपचार किया गया था। पिछले दिनों घायल हाथी का कोरबा में उपचार किया गया था। जिसके बाद डाक्टरों के द्वारा घायल हाथी के उसके डोज के हिसाब से सप्ताह भर के लिये दवाई दी गई।

## भाजपा जिलाध्यक्ष मंडलों का करेंगे दौरा

**कोरबा।** भाजपा के सभी मंडल अध्यक्षों की बैठक कल बुलाई गई। इस बैठक में जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा ने सभी मंडल अध्यक्षों का परिचय प्राप्त करते हुए आगे की रणनीति बनाई । अब भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा सभी मंडलो का दौरा करेंगे। बैठक में उदय शर्मा, मनीष मिश्रा, योगेश मिश्रा, दिनेश राठौर, सूर्यप्रकाश शर्मा, हरीश थरवानी, राजेश राठौर, डिलेन्द्र यादव, अभिषेक गर्ग, सूर्यप्रकाश शर्मा, राजू प्रजापति , रामकुमार गबेल, बृजलाल राठिया , किशन साव, ओमप्रकाश साहू सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बसपा की बैठक कल

**कोरबा।**बसपा की प्रदेश स्तरीय बैठक कल रायपुर में आयोजित की गई है। इस बैठक में प्रभारी जीआर जाटवर , एडी जागड़े व जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी शामिल होगें। बैठक में नगरीय निकाय चुनाव पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा आगे की रणनीति तैयार की जाएगा।

## आर्चरी चैंपियनशिप में युवराज को गोल्ड और सिल्वर मेडल



**कोरबा।** कोरबा जिले के आर्चरी खिलाड़ी युवराज यादव ने राष्ट्रीय स्तर की आर्चरी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो मेडल जीते हैं। उसने अपनी सफलता का श्रेय कोच, मैनेजर और परिजनों के उचित मार्गदर्शन को दिया है।

नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन की ओर से 41वी नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप का आयोजन राजस्थान की राजधानी जयपुर में किया गया। छत्तीसगढ़ की ओर से स्पोर्ट्स पर्सन युवराज यादव का चयन प्रदेश की टीम में हुआ। युवराज ने अपने वर्ग में हिस्सेदारी करते हुए शानदार टारगेट लगाया। इस प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन के आधार पर युवराज को एक गोल्ड और एक सिल्वर मेडल मिला है। उन्होंने 20 मीटर की रेंज में 352 स्कोरिंग कर सिल्वर और इतने ही मीटर में 699 स्कोरिंग के साथ गोल्ड क्वालीफाई किया। मुड़ापार संतोष यादव और गीता यादव के सुपुत्र युवराज को आर्चरी के क्षेत्र में निष्णात बनाने के लिए उनके कोच सेत कुमार यादव ने काफी मेहनत की । उनके अभ्यास पर लगातार ध्यान दिया गया। इसके सहारे और अपनी इच्छा शक्ति से उसने प्रतियोगिता में उम्मीद से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया। युवराज ने बताया कि संकल्प और दृढ़ इच्छा शक्ति होने पर आप किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दो मेडल जीतने पर आर्चरी सहित विभिन्न खेल संगठन के पदाधिकारी ने खिलाड़ी को बधाई दी है।

## सिंघाली व बगदेवा खदान में नारेबाजी

**कोरबा।** एसकेएमएस के द्वारा कई मांगो को लेकर कल से आंदोलन किया जा रहा है। जिसके तहत खदानों में कोयला कामगार नारेबाजी कर रहे है। आज बगदेवा में एसकेएमएस के महामंत्री धर्माराव, ऋषभ सिंह, विदेशी के नेतृत्व में कोयला कामगारों ने नारेबाजी की। सिंघाली में भी भूपेन्द्र कुमार व विनोद कुमार सुराकछार में एमपी सिंह, रामबाबू बलगी में लाखन साव, रामरत्न कोरबा चिकित्सालय में सुभाष सिंह एके झा नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। जबकि आज मानिकपुर में जय मुखर्जी,उज्जव बनर्जी, राजू श्रीवास्तव सरईपाली में कृष्णा तिवारी,अशोक परिहार के नेतृत्व में प्रदर्शन किया जाएगा। कल ढेलवाडीह में सूर्यकांत साहू, संजय सिंह, प्रमोदधर दीवान के नेतृत्व में प्रदर्शन होगा। एरिया के अध्यक्ष मनीष सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मांगो को लेकर सभी ईकाईयों में 13 जनवरी को रैली निकालते हुए प्रदर्शन किया जाएगा।

## राजिम महोत्सव में शामिल हुए कार्यकर्ता

**कोरबा।** राजिम जंयती के अवसर पर महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें साहू समाज कोरबा के जिलाध्यक्ष गिरजा साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ता बसो में सवार होकर राजिम महोत्सव में शामिल हुए यहां के कार्यकर्ता लगभग 3 बसों में सवार होकर राजिम गए हुए थे। दिनेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी ईकाईयों में राजिम महोत्सव की तैयारी की जा रही थी। राजिम जाने केलिए कार्यकर्ताओं में व्यापक उत्साह था।

***कोरबा।** वनवासी कल्याण आाश्रम द्वारा संचालित महर्षि बाल्मिकी आश्रम में तीन दिवसीय गौरा पूजा महोत्सव एवं बैगा पुजेरी सम्मेलन 10 जनवरी से आयोजित होगा।

## एकता नगर में हिंदू जागरण मंच ने किया मां-बेटी सम्मेलन



**कोरबा।** बालको नगर क्षेत्र के शीतला मंदिर, एकता नगर, वार्ड क्रमांक 38 कोरबा में महिला सुरक्षा एवं सम्मान के विषय में माँ बेटी सम्मेलन का आयोजन हिंदू जागरण मंच के द्वारा किया गया।

बैठक में एकता नगर, चेक पोस्ट की माँ बेटियां सम्मिलित हुईं। बैठक में जिला संयोजक हिन्दू जागरण मंच आशीष सिंह ने संगठन का कार्यों का विस्तार पूर्वक विषय रखा। उसके पश्चात जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश झा ने हिन्दू समाज की वर्तमान स्थित एवं समाज में जागरूकता एवं हिन्दू एकता हेतु विषय रखा। बैठक में सर्व सम्मति से साप्ताहिक आरती समूह के साथ मिलकर उस क्षेत्र में मंगलवार से साप्ताहिक आरती करने का संकल्प लिया गया। हिन्दू जागरण मंच के द्वारा समस्त जनमानस को आह्वान किया कि वो अपने बच्चों को सनातन संस्कृति एवं परंपराओं के संस्कार देवें। और साप्ताहिक आरती के द्वारा एकत्रीकरण करके एकजुटता हमेशा बनाए रखें।

## क्या भाजपा का अध्यक्ष काबिज हो सकेगा नगर पालिका कटघोरा में

**कोरबा।** नगरी निकाय चावन के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के साथ कोरबा जिले के कटघोरा को लेकर इस बात की चर्चा जोरों पर है कि क्या छत्तीसगढ़ में सत्ता हासिल होने पर कटघोरा नगर पालिका में इसी पार्टी का अध्यक्ष बन सकेगा? पिछले चुनाव में संख्या में पार्षद आने पर भी भाजपा का अध्यक्ष नहीं बन सका था। जबकि बाद में एक अवसर पर अविश्वास प्रस्ताव आने पर भी कांग्रेस के रतन मित्तल अपनी कुर्सी बचाने में सफल हो गए।

कटघोरा नगर पालिका परिषद में इस बार अध्यक्ष पद को ओबीसी मुक्त रखा गया है यानी जिसकी इच्छा हो मैदान में आ जाए। आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब अध्यक्ष के चेहरों पर नए सिरे से चर्चाएं होने लगी हैं।

कटघोरा नगर पालिका परिषद में कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए युवाओं की दावेदारी ने राजनीति को काफी रोचक बना दिया है। राज जायसवाल, हसन अली, कोमल जायसवाल और आशीष जायसवाल जैसे नाम चर्चा में हैं, जो इस बार के चुनाव में प्रमुख उम्मीदवार हो सकते हैं। इस बार की रणनीति में पालिका में पिछड़ा वर्ग से आरक्षण हुआ है। कटघोरा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के दावेदारों की सूची में कई नाम शामिल हैं, जिनमें प्रमुखता से बिरेंद्र मोहन कश्यप, ललिता डिक्सेना, मुरली साहू, बजरंग पटेल, आत्मानारायण पटेल, गायत्री जायसवाल, और सतीश जायसवाल के नाम सामने आए हैं।इनमें से गायत्री जायसवाल और ललिता डिक्सेना पहले भी अध्यक्ष पद पर रह चुकी हैं ।

कटघोरा नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद पिछड़ा वर्ग मुक्त होने से भाजपा व कांग्रेस से दावेदारों के कई नाम सामने आ रहे हैं तो वहीं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी व आम आदमी पार्टी भी अपनी दावेदारी अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तुत करेगी। लेकिन कटघोरा के मामले में प्रमुख दलों के अलावा दूसरे दलों की दावेदारी केवल औपचारिकता के अलावा कुछ नहीं हो सकती। चुनाव जीतने के लिए केवल रणनीति और वोट बैंक की काफी नहीं होता बल्कि बहुत सारे रुपए लगते हैं।

कटघोरा में लंबे समय तक अध्यक्ष रहे रतन मित्तल इस मामले में काफी अनुभवी कहे जा सकते हैं। लेकिन उनके साथ प्रमुख बात यह भी है कि सरकार किसी की रही हो नगर विकास के लिए लड भीड़कर काम करना उन्होंने बेहतर सीखा है।

## संगीता ने किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य का कार्यभार संभाला



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किशोर न्याय बोर्ड, कोरबा के सदस्य पद पर नियुक्त श्रीमती संगीता अग्रवाल ने कल औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया।

श्रीमती संगीता अग्रवाल कोरबा शहर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता और श्याम मित्र मंडल कोरबा के विधिक सलाहकार मनोज कुमार अग्रवाल की पत्नी हैं। मनोज अग्रवाल हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता, नोटरी, और पूर्व अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता हैं। श्रीमती संगीता अग्रवाल की नियुक्ति पर कोरबा में खुशी का माहौल है। समाजसेवी और कानूनी क्षेत्र से जुड़े लोग इसे एक सकारात्मक कदम मान रहे हैं। पदभार ग्रहण के दौरान कई गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। पदभार ग्रहण करते हुए श्रीमती संगीता अग्रवाल ने कहा कि वह किशोर न्याय बोर्ड के माध्यम से बच्चों के हितों की रक्षा और समाज में जागरूकता लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com